सुविचार

वाणी और पानी दोनों में छवि नजर आती है, पानी स्वच्छ हो तो चित्र नजर आता है, और वाणी मधुर हो तो चरित्र नजर आता है।

# प्रथम न्यूज़

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Pratham News

@dainikprathamnews

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 140 | दिनांक : शुक्रवार, 22 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्क: | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्य: ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540



चेन्नई सुपर किंग्स का सफर हुआ समाप्त..

» पृष्ठ 7 पर

# मैराथन मंत्रिपरिषद बैठक में PM मोदी का मंत्र

■ कहा, 2047 के विजन को लक्ष्य बनाकर करें काम ■ साढ़े चार घंटे चली कैबिनेट बैठक ■ जनता को मिले बेहतर जीवन

» प्रथम न्यूज़ । नई दिल्ली

21 मई ( एएम नाथ )

केंद्र सरकार की मंत्रिपरिषद की अहम बैठक सेवा तीर्थ में करीब साढ़े चार घंटे तक चली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम करने का निर्देश दिया। बैठक में सरकार की दीर्घकालिक योजनाओं, प्रशासनिक सुधारों और आम जनता के जीवन को आसान बनाने वाले कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि विकसित भारत 2047 केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि सरकार की ठोस प्रतिबद्धता है। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि वे अपने-अपने मंत्रालयों की योजनाओं और नीतियों को आने वाले वर्षों की जरूरतों के हिसाब से तैयार करें। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य की राजनीति और प्रशासन को

**लोगों के दैनिक जीवन को सरल बनाने पर जोर, मंत्रियों को PM मोदी ने दिए बड़े निर्देश**



लेकर भी स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अब पुरानी उपलब्धियों पर रुकने का समय नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों की चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है। PM ने मंत्रियों से कहा, जो हो गया उसे पीछे छोड़िए और आगे की तैयारी कीजिए। बैठक में यह भी जोर दिया गया कि सरकार का हर फैसला आम नागरिक के हित और सुविधा को ध्यान में रखकर लिया जाना चाहिए।

सूत्रों के मुताबिक बैठक में लोगों के दैनिक जीवन को सरल बनाने पर विशेष चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों का असर सीधे जनता तक दिखना चाहिए। इसके साथ ही संरचनात्मक सुधारों यानी रिफॉर्म्स को तेज गति से लागू करने पर भी जोर दिया गया। कई मंत्रालयों ने अपनी उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रजेंटेशन दिए। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को सलाह दी कि वे शासन में कम दखल और ज्यादा सहायता की नीति अपनाएं, ताकि नागरिकों और उद्योगों को अनावश्यक प्रक्रियाओं से राहत मिल सके। बैठक को सरकार के अगले चरण की रणनीति तय करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## संक्षिप्त न्यूज

### पुलवामा हमले में शामिल आतंकी कमांडर हमजा बुरहान PoK में ढेर

अज्ञात हमलावर ने मारी गोली



**जम्मू ( ब्यूरो )** - जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी नेटवर्क को एक और बड़ा झटका लगा है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन Al-Badr के प्रमुख कमांडरों में शामिल अरजमंद गुलजार उर्फ बुरहान हमजा मारा गया है। सूचना है कि अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार वह लंबे समय से भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों में शामिल था और दक्षिण कश्मीर में युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेलने वाले प्रमुख चेहरों में गिना जाता था।

अरजमंद गुलजार मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था। वह करीब 7 साल पहले वैध दस्तावेजों के जरिए पाकिस्तान गया था, जहां उसने आतंकी संगठन अल-बद्र जॉइन कर लिया। बाद में वह संगठन का ऑपरेशनल कमांडर बन गया और पाकिस्तान से बैठकर कश्मीर में आतंकियों की भर्ती, फंडिंग और हथियारों की सप्लाई का नेटवर्क चलाने लगा।

भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने उसे लंबे समय से मोस्ट वांटेड लिस्ट में रखा हुआ था। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने वर्ष 2022 में उसे आधिकारिक रूप से आतंकवादी घोषित किया था। मंत्रालय के अनुसार वह पुलवामा और दक्षिण कश्मीर में आतंक फैलाने, युवाओं को आतंकी संगठनों में भर्ती कराने और आतंकवाद के लिए आर्थिक सहायता जुटाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था।

### राज्यसभा की 22 सीटों पर अगले महीने चुनाव

**कांग्रेस की 6 सीटों पर नजर, दावेदारों में कुछ नए कुछ पुराने**



**नई दिल्ली ( एएम नाथ )**- अगले महीने राज्यसभा की खाली हो रही 22 सीटों पर चुनाव होने हैं। प्रमुख नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन और रवनीत सिंह बिट्टू सहित कई नाम हैं, जिनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग इसको लेकर जल्द ही अधिसूचना जारी करेगा।

कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गुजरात से चार-चार सीटें खाली हो रही हैं। राजस्थान और मध्य प्रदेश से तीन-तीन सीटें खाली होने जा रही हैं। वहीं मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और झारखंड से एक-एक सीट खाली होगी। इनके अलावा झारखंड, तमिलनाडु और महाराष्ट्र से एक-एक सीट पर उपचुनाव भी हो सकता है।

इन 22 रिटायर होने वाले सांसदों में 11 बीजेपी के हैं, जबकि कांग्रेस के चार सांसद हैं। बाकी सांसद क्षेत्रीय दलों के हैं, जिनमें वायएसआरसीपी के तीन और जेडीएस, टीडीपी तथा एनपीपी के एक-एक सांसद हैं।

## सीएम विंडो शिकायतों में लापरवाही पर सख्त हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी

■ **कई अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश**

» प्रथम न्यूज़ । चंडीगढ़

21 मई ( एएम नाथ )



सीएम विंडो पर मिली शिकायतों की सुनवाई में लापरवाही को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीखे तेवर दिखाए हैं। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने हिसार के गावड़ में बैकवर्ड चौपाल की राशि के गबन के आरोपित तत्कालीन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ), कनिष्ठ अभियंता व ग्राम सचिव के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दिए। भिवानी जिले के झुंपा खुर्द के व्यक्ति की शिकायत पर पेमेंट में देरी के लिए जिम्मेदार संबंधित आरटीए से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। सीएम विंडो पर आई शिकायतों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान में लापरवाही न बरतें।

इस बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और मंडल आयुक्त आनलाइन जुड़े। उन्होंने सभी उपायुक्तों को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने जींद में दुर्घटना के समय की मोटर साइकिल बदलने तथा कुरुक्षेत्र में समय पर चालान प्रस्तुत न करने पर कोताही बरतने वाले पुलिस के दो सहायक उप निरीक्षक (एएसआइ) को निलंबित करने निर्देश दिए। करनाल में 100 गज के प्लाटों को नापने का काम समय पर नहीं करने पर नायब तहसीलदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और जींद के बडौद निवासी जरनैल की शिकायत पर पशु बीमा के क्लेम में देरी के लिए विभागीय जांच की जाएगी। कैथल के टीक गांव निवासी पूजा की शिकायत है कि धान की अदायगी नहीं की गई। इसके लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। पलवल के लालपुर कदीम के व्यक्ति की शिकायत के संबंध में कार्यालय का रिकार्ड खुर्द बुर्द करने के मामले में दोषी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर समाधान, सीएम विंडो और उनके समक्ष आने वाली शिकायतों की वे स्वयं मानिटरिंग करेंगे। अधिकारी तीनों तरह की शिकायतों के सही समाधान सुनिश्चित करें। हर शुक्रवार को स्पेशल सीएम विंडो के मामलों की जिला स्तर पर समीक्षा की जाएगी।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा, सुधीर राजपाल, डा. वी राजा शेखर, एके सिंह, जी अनुपमा, मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव अजय कुमार, विशेष कार्यकारी अधिकारी विवेक कालिया और राकेश संधू ने भी अपनी बात रखी।

### हाउसिंग बोर्ड के अलाटियों को 10 जून को होगा भुगतान

हाउसिंग बोर्ड की समस्याओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा जनता के बकाया पैसे का भुगतान 10 जून को बटन दबाकर किया जाएगा। इसके लिए अधिकारी पूरी तैयारी करें।

उन्होंने सभी विभागों को शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने तथा जल्द एटीआर अपलोड करने के निर्देश भी दिए, जिससे शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारी समाधान शिविरों में शिकायतों की औचक जांच करेंगे, जिससे लोगों को संतुष्ट किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके समक्ष यह शिकायत नहीं आनी चाहिए कि किसी व्यक्ति की समस्या सुनी ही नहीं गई।

## हलवारा एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू, पंजाब में विकास और कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार



**लुधियाना ( एएम नाथ )**- पंजाब के हलवारा एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के आर्थिक विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और तरक्की के नए दौर की शुरुआत बताया। एयरपोर्ट से पहली उड़ान शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल के साथ एयरपोर्ट टर्मिनल का दौरा किया और इसे पंजाब के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया।

मुख्यमंत्री मान ने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट शुरू होने से उद्योग, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे खास तौर पर लुधियाना और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को हवाई यात्रा की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब के विकास के लिए लगातार आधारभूत ढांचे को मजबूत कर रही है और यह एयरपोर्ट उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों और महान संतों की विरासत को सम्मान देने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि मोहाली एयरपोर्ट का नाम शहीद-ए-आजम भगत सिंह और आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास के नाम पर रखे जाने के बाद अब हलवारा एयरपोर्ट का नाम शहीद करतार सिंह सराभा के नाम पर रखा जाना चाहिए। मान ने बताया कि पंजाब विधानसभा ने वर्ष 2023 में इस संबंध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव भी पारित किया था।

## कॉकरोच जनता पार्टी बनी युवाओं की नई आवाज़

■ **सोशल मीडिया पर छाया अनोखा आंदोलन**

» प्रथम न्यूज़ । नई दिल्ली

21 मई ( ब्यूरो )

देश की राजनीति में इन दिनों एक नया नाम तेजी से चर्चा में है। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP)। शुरुआत में इसे सिर्फ मजाक और मीम समझा गया, लेकिन अब यह सोशल मीडिया पर युवाओं की नाराजगी और बेरोजगारी के मुद्दों का प्रतीक बनता जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस आंदोलन की शुरुआत उस विवादित टिप्पणी के बाद हुई, जिसमें बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की गई थी। इसके बाद इंटरनेट पर युवाओं ने इस शब्द को ही अपना प्रतीक बना लिया और कॉकरोच जनता पार्टी नाम से व्यंग्यात्मक अभियान शुरू कर दिया।

पार्टी का दावा है कि वह आलसी और बेरोजगार युवाओं की आवाज़ है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसके लाखों फॉलोअर्स जुड़ चुके हैं और कई मीम पेज, युवा समूह तथा इंटरनेट क्रिएटर्स इसके समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल मजाक नहीं बल्कि युवाओं की बढ़ती




नाराजगी, बेरोजगारी, महंगाई और सिस्टम से असंतोष को दर्शाता है। कई जगह युवाओं ने कॉकरोच मास्क पहनकर वीडियो और पोस्टर भी बनाए हैं। हालांकि यह कोई आधिकारिक राजनीतिक पार्टी नहीं है, लेकिन इंटरनेट पर इसकी लोकप्रियता ने पारंपरिक राजनीति को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। सोशल मीडिया पर लोग मजाकिया अंदाज़ में कह रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) को अभिजीत दीपक ने शुरू किया है। वे एक पॉलिटिकल कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजिस्ट बताए जा रहे हैं और पहले आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम से भी जुड़े रहे हैं। कई रिपोर्ट्स के अनुसार वे Boston University में पढ़ाई भी कर चुके हैं। यह कॉकरोच जनता पार्टी असल में एक व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया मूवमेंट है, जो युवाओं को कॉकरोच कहे जाने वाले विवाद के बाद शुरू हुआ और देखते ही देखते वायरल हो गया। इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बात करें तो अलग-अलग रिपोर्ट्स में संख्या तेजी से बढ़ती दिखाई गई है। यानी भारत में कई यूज़र्स को इसका अकाउंट दिखाई नहीं दे रहा। यह जानकारी खुद इसके संस्थापक अभिजीत दीपक ने भी पोस्ट करके दी। CJP के X अकाउंट पर रोक लगने से पहले लगभग 2 लाख (200K+) फॉलोअर्स थे।

## धर्म देखकर नहीं चलता बुलडोजर : CM सुक्खू

**कहा, नशे के सौदागरों पर होती है कार्रवाई, सुक्खू का बड़ा संदेश, हिमाचल में अपराधियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

■ **केंद्र पर बरसे CM सुक्खू, कहा, 10 हजार करोड़ का नुकसान, सिर्फ 1500 करोड़ की राहत**

» प्रथम न्यूज़ । शिमला

21 मई ( एएम नाथ )



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने साफ कहा कि प्रदेश में कानून का राज है और 'चिट्टे' के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का बुलडोजर किसी धर्म को देखकर नहीं, बल्कि अपराध और नशे के नेटवर्क पर चलता है। सीएम सुक्खू ने आपदा राहत को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राज्य को 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, लेकिन मदद के नाम पर केवल 1500 करोड़ रुपये दिए गए। बातचीत के दौरान उन्होंने कांग्रेस संगठन, राहुल गांधी की रणनीति और पूर्वोत्तर राज्यों की राजनीति पर भी अपनी राय रखी। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन को उन्होंने नई शुरुआत बताया और कहा कि पार्टी बूथ स्तर तक दोबारा सक्रिय हुई है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार की राहत नीति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान हुआ, लेकिन अपेक्षित आर्थिक सहायता नहीं मिली। साथ ही उन्होंने प्रदेश में बढ़ते ड्रग्स नेटवर्क पर सरकार की कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि बुलडोजर कार्रवाई धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ की जा रही है। राजनीतिक सवालों पर बोलते हुए सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में लंबे समय बाद हर विधानसभा सीट पर उतरी, जो भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है।

असम में कांग्रेस की हार पर उन्होंने कहा कि इसके कारणों का विश्लेषण पार्टी नेतृत्व करेगा, जबकि अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं का व्यवहार अलग होता है। केरल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह पर उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस की सरकार बनती है, वहां पार्टी नेताओं का जाना स्वाभाविक है।

सुक्खू ने कानून-व्यवस्था, आपदा राहत और राष्ट्रीय राजनीति पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ड्रग्स माफिया के खिलाफ कड़ा अभियान चला रही है और बुलडोजर कार्रवाई केवल अपराधियों पर केंद्रित है, किसी धर्म विशेष पर नहीं।

सुक्खू ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि आपदा के समय हिमाचल को पर्याप्त राहत नहीं मिली। उनके मुताबिक राज्य को करीब 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि केंद्र से सिर्फ 1500 करोड़ रुपये मिले।

राजनीतिक मुद्दों पर उन्होंने राहुल गांधी की रणनीति का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस धीरे-धीरे संगठन को मजबूत कर रही है। पश्चिम बंगाल में कम सीटें आने के बावजूद उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की मौजूदगी को पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत बताया।

## 'मिशन वंदे मातरम्' के तहत BSF की पहली महिला टीम ने फतह किया माउंट एवरेस्ट

**BSF की महिला ब्रिगेड ने रचा इतिहास**



**नई दिल्ली ( ब्यूरो )**- सीमा सुरक्षा बल यानि बॉर्डर सिक्युरिटी फ़ोर्स की महिलाओं ने इतिहास रच दिया है। क्क्स्न की पहली ऑल-वुमन पर्वतारोहण टीम ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक तिरंगा लहराया। यह अभियान मिशन वंदे मातरम् के तहत चलाया गया। बीएसएफ इस समय अपना डायमंड जुबली वर्ष मना रहा है। पहली आल वूमेन टीम ने इतिहास रच दिया। इन महिलाओं ने साहस और हौसले की नई मिसाल पेश की। इस टीम में लद्दाख की कौसर फातिमा, पश्चिम बंगाल की मुनमुन घोष, उत्तराखंड की रेबेका सिंह और कारगिल की त्सेरिंग चोरोल शामिल थीं।

इन महिला जवानों ने माउंट एवरेस्ट की 8848.86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचकर नया इतिहास बनाया। अलग-अलग राज्यों से आई इन महिला पर्वतारोहियों ने भारत की एकता में विविधता की मिसाल पेश की। कठिन मौसम और बेहद ऊंचाई वाली परिस्थितियों में भी टीम ने साहस और धैर्य दिखाया। माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाई पर जहां लोगों को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है और खड़ा रहना मुश्किल होता है। वहां भी इन महिलाओं ने एक साथ वंदे मातरम गाया। बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने पूरी बीएसएफ और देश की ओर से महिला जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान बीएसएफ के साहस, प्रोफेशनलिज्म और समर्पण का प्रतीक है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महिलाओं को देश की ताकत बताया था।

इस अभियान की सबसे खास बात यह रही कि पहली बार बीएसएफ की महिला पर्वतारोहियों ने एवरेस्ट की चोटी से वंदे मातरम् गाया।



संक्षिप्त न्यूज

## विदेशी नंबरों से आ रही धमकियों के संबंध में निशांत शर्मा ने डीआईजी को लिखित दी शिकायत



**होशियारपुर ( तरसेम दीवाना )** – डी.आई.जी रोपड़ रेंज मोहाली को एक लिखित शिकायत देकर पिछले कुछ समय से विदेशी और लोकल नंबरों से आ रही जान से मारने की धमकियों के बारे में अवगत कराया गया। इस संबंध में निशांत शर्मा ने बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर लगातार व्हाट्सएप कॉल और नॉर्मल कॉल आ रही हैं। एक विदेशी नंबर +923295589738 से आई कॉल में कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपने आप को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ बताया और कहा कि उसे पूरी जानकारी है कि निशांत शर्मा गुलमोहर सिटी में कहाँ रहते हैं और मंदिर कब और कितने बजे जाता है। धमकी देने वाले ने कहा कि वह निशांत शर्मा और उनके सुरक्षा कर्मियों को हैंड ग्रेनेड से उड़ा देगा और उनके साथियों खुशप्रीत लाडी और सूद को भी साथ ही खत्म कर देगा।

इसके अलावा एक अन्य नंबर +447347934534 से आई कॉल में व्यक्ति ने अपना नाम रणदीप मलिक बताते हुए कहा कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से बोल रहा है और उसने निशांत शर्मा को गोली मारने की धमकी दी। साथ ही व्हाट्सएप पर धमकी भरे मैसेज भी भेजे गए, जिनके स्क्रीनशॉट पुलिस प्रशासन को सौंप दिए गए हैं।

निशांत शर्मा ने बताया कि उपरोक्त शिकायत देने के बाद भी उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब वह हरियाणा जा रहे थे तो उस दौरान उन्हें वीडियो कॉल पर हरविंदर रिंदा गैंग के नाम पर धमकी दी गई। वीडियो कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि तू गैंगस्टर के खिलाफ बोलता है, इसलिए तुझे और तेरे परिवार को मरवा देंगे, परिवार सहित उड़ा देंगे। इस दौरान गाली-गलौज करते हुए लगातार जान से मारने की धमकियां दी गईं। इस संबंध में शिकायत भी पुलिस प्रशासन को सौंप दी गई है। इस मामले में डी.आई.जी रोपड़ रेंज मोहाली को पूरी जानकारी और सबूत सौंपे गए हैं। पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर निशांत शर्मा ने कहा कि वह ऐसी धमकियों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित, सनातन धर्म की रक्षा, गौ माता की सेवा और समाज सेवा के काम वह पहले भी करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश विरोधी और समाज विरोधी ताकतों के दबाव के नीचे वह कभी पीछे नहीं हटेंगे और उन्हें कानून और प्रशासन पर पूरा भरोसा है।

## ज़ीरा शहर के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी : दर्पंदीप सिंह

**ज़ीरा, 21 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – ज़ीरा शहर के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी! ये शब्द शिरोमणि अकाली दल बादल की ओर से हलका प्रभारी सरदार हरप्रीत सिंह हीरो के नेतृत्व में वार्ड संख्या 17 से ज़ीरा नगर परिषद चुनाव लड़ रहे तेजिंदर सिंह के पुत्र दर्पंदीप सिंह ने ज़ीरा में पत्रकारों से बातचीत में कहे। उन्होंने कहा कि यदि वार्ड संख्या 17 के निवासी उन्हें सेवा करने का मौका देते हैं, तो वे वार्ड के निवासियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए तैयार रहेंगे! दर्पंदीप सिंह ने कहा कि पार्षद बनकर वे ज़ीरा शहर की यातायात समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे। दर्पंदीप सिंह ने आगे कहा कि वे वार्ड के निवासियों के समर्थन से चुनाव जीतकर सरदार हरप्रीत सिंह हीरो के हाथों को मजबूत करेंगे! उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता और ज़ीरा का विकास उनका प्राथमिक लक्ष्य होगा! यह उल्लेखनीय है कि तकसाली अकाली नेता दर्पंदीप सिंह की माता श्रीमती जसविंदर कौर भी शिरोमणि अकाली दल बादल की ओर से वार्ड संख्या 15 से नगर परिषद जीरा का चुनाव लड़ रही हैं।



## स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना मेरा मुख्य लक्ष्य होगा- कुलविंदर कौर

**जीरा, 21 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – पूर्व कांग्रेस विधायक कुलबीर सिंह जीरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की ओर से जीरा के वार्ड नंबर 1 से जीरा नगर परिषद चुनाव लड़ रही श्रीमती कुलविंदर कौर ( पत्नी सतनाम सिंह) ने कहा कि वह अपने वार्ड की स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी! उन्होंने कहा कि यदि वार्डवासी उन्हें सेवा करने का मौका देते हैं, तो वह वार्डवासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगी। कुलविंदर कौर ने आगे कहा कि पूरे शहर में पानी की आपूर्ति है, दुर्भाग्य से उनके वार्ड में पानी की कमी के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह जीरा शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगी! कुलविंदर कौर ने कहा कि वह अपने वार्ड की गलियों में सोलर लाइटें लगवाने और स्वच्छता करवाने को प्राथमिकता देंगी!



# पंजाब सरकार से बातचीत के बाद सफाई कर्मचारियों ने वापस ली हड़ताल : हरपाल चीमा

## कहा, मान सरकार सफाई कर्मचारियों की लंबित मांगों को एक महीने के अंदर हल करने के लिए बनाएगी कमेटी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
21 मई ( एएम नाथ )

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब भर की विभिन्न शहरी स्थानीय इकाइयों, नगर परिषदों, नगर समितियों और नगर पंचायतों के सफाई कर्मचारियों ने पंजाब सरकार के साथ सफल बातचीत के बाद अपनी चल रही हड़ताल वापस लेने का फैसला किया है।

गुरुवार को सफाई कर्मचारियों की यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि कर्मचारियों की 35 सदस्यीय कमेटी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस, सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और मेरे साथ कर्मचारियों की मांगों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने साझा किया कि बातचीत के दौरान कई मांगों का समाधान कर लिया गया, जबकि कानूनी और चुनाव आचार संहिता से संबंधित कुछ मुद्दों पर आगे प्रक्रियागत विचार-विमर्श की जरूरत है। सरकार और यूनियन के प्रतिनिधियों ने आपसी सहमति से एक कमेटी बनाने का फैसला किया है जो सभी लंबित मांगों की जांच करेगी और एक स्थायी तथा व्यावहारिक समाधान के लिए काम करेगी।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने बाकी बचे मुद्दों पर सहानुभूति से विचार करने और उन्हें हल करने के लिए एक महीने की समय-सीमा तय की है। पिछले दो-तीन दिनों के दौरान हुई विस्तृत चर्चा के बाद, सभी यूनियनें सरकार को उनकी चिंताओं को गंभीर और योजनाबद्ध तरीके से हल करने के लिए समय देने पर सहमत हो गई हैं।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत मान को आईएसआई एजेंट कहने के



बारे में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए

हरपाल सिंह चीमा ने इस बयान की सख्त निंदा की और इसे पंजाब के लोगों और उनके जनादेश का अपमान करार दिया।

उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ मुख्यमंत्री का बल्कि समूचे 3 करोड़ पंजाबियों का अपमान है। भाजपा ने हमेशा ही पंजाब विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान जब तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सरकारी आवास पर अरूसा आलम की मौजूदगी को लेकर बार-बार आरोप लग रहे थे, तब भाजपा नेता चुप क्यों रहे?

हरपाल सिंह चीमा ने पूछा कि यदि रवनीत सिंह बिट्टू और सुनील जाखड़ जैसे नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा की सचमुच चिंता थी तो उन्होंने उस समय सवाल क्यों नहीं उठाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अब राजनीतिक फायदे के लिए बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी के बारे में मीडिया के एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भारत का लोकतंत्र और संविधान हर नागरिक को राजनीतिक पार्टी बनाने और अपने विचार खुलकर व्यक्त करने का अधिकार देता है। यदि युवा, विद्यार्थी या सामाजिक समूह समाज से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं, तो उन्हें निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए या उनका मजाक नहीं उड़ाया जाना चाहिए।

हर व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने और लोकतांत्रिक राजनीति में हिस्सा लेने का संवैधानिक अधिकार है। आवाजों को दबाना और लोगों पर गलत तरीके से लेबल लगाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

हरपाल सिंह चीमा ने आगे कहा कि भाजपा सरकार के राज में देश में असहमति की आवाजों को खामोश करने और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को सीमित करने की कोशिशें की जा रही हैं।

# विधायक रंधावा ने गांव दुला नंगल में खेल मैदान का किया उद्घाटन





» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
21 मई ( संदीप सन्नी )

डेरा बाबा नानक के विधायक गुरदीप सिंह रंधावा द्वारा गांव दुला नंगल में नवनिर्मित खेल मैदान का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके साथ एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, बीडीपीओ सुरजीत सिंह, सरपंच सुरिंदरपाल सिंह और पंचायत अधिकारी मनजिंदर सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। समारोह के दौरान खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट भी वितरित की गईं।

### युवाओं को खेलों से जोड़ने की पहल

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करने के लिए राज्य भर में 3100 खेल मैदान तैयार करवा रही है। इसी कड़ी के तहत गांव दुला नंगल में यह शानदार खेल मैदान बनाया गया है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

मैदान की आधुनिक सुविधाएं:

विधायक ने बताया कि खेल प्रेमियों की मांग को देखते हुए इस ग्राउंड में सभी आधुनिक प्रबंध किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं-

मैदान की पक्की चारदीवारी।

खिलाड़ियों के लिए आधुनिक बाथरूम की सुविधा।

पीने के स्वच्छ पानी का प्रबंध।

मैचों के दौरान टीमों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था।

**नशा मुक्त पंजाब का संकल्प:**

विधायक रंधावा ने दोहराया कि राज्य सरकार के पास विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब को दोबारा रंगला पंजाब और नशा मुक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

खेल मैदानों के निर्माण से जहाँ युवाओं की खेलों में रुचि बढ़ेगी, वहीं वे नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे।

## गुरु नानक पुरा इलाके में गंदे पानी की सप्लाई को लेकर बीजेपी नेताओं ने आप के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**अमृतसर ( साहिब दयाल )** वार्ड नंबर 70,71, और 72 के गुरु नानक पुरा इलाके में बीजेपी के जिला अध्यक्ष हरविंदर सिंह संधू, भाजपा पार्षद दल के नेता गौरव गिल, वेस्ट हल्का इंचार्ज कुमार अमित और वार्ड 71 के इंचार्ज एवं जिला स्पोक्सपर्सन तिलक राज शर्मा की अगवाई में आप पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। बीजेपी नेताओं का आरोप है कि गुरु नानक पुरा इलाके में पिछले कई हफ्तों से पानी और सीवर की समस्या लगातार बनी हुई है। जहां सैकड़ों शिकायतों के बाद भी आम आदमी पार्टी सरकार पूरी तरह इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाम रही है। ऐसे में जनता परेशान है जहां पहले भी बीजेपी पानी और सीवर को लेकर कई बार सड़कों पर उतर चुकी है और प्रदर्शन तक कर चुकी है। उसके बावजूद भी इलाके में आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसे में बीजेपी के जिला प्रधान हरविंदर सिंह संधू का कहना है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार महज सपने दिखाने और फ्री प्रलोभन देने की पार्टी बन चुकी है। जबकि लोगों की मूलभूत सुविधाएं आज भी पूरी नहीं हो पाई है और शहर की जनता परेशान है। जिला स्पोक्सपर्सन तिलक राज शर्मा ने कहा कि इलाके में गंदे पानी, विकराल सीवर समस्या, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें, खराब टूटी फूटी सड़कों की समस्यायों को लेकर प्रदर्शन करते हुए निगम प्रशासन और आप सरकार के खिलाफ आज नारेबाजी की गई है। वहीं कुमार अमित ने स्थानीय प्रशासन, दूषित पानी की सप्लाई, सीवर का पानी मिलने और जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के आरोप लगाए। नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि इलाके की समस्या का हल किया जाए नहीं तो आप के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर मंडल प्रधान कुलदीप भगत, जनरल सेक्रेटरी विजय कुमार, संजीव कुमार, रोशन लाल, लाल चंद, रोहित शर्मा, प्रिंस, पवन चावला, अजय कुमार, असमीत, बाबा बादशाह और वंश भगत आदि मौजूद थे।



## जीरा में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे : स्नेहा शर्मा

» प्रथम न्यूज । ज़ीरा
21 मई ( अंग्रेज बराड़ )

ज़ीरा शहर के विकास के साथ-साथ मैं ज़ीरा में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी प्रयास करूंगी। ये शब्द ज़ीरा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान अमन शर्मा की पत्नी श्रीमती स्नेहा शर्मा ने कहे, जो सरदार अवतार सिंह ज़ीरा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की ओर से वार्ड संख्या 7 से ज़ीरा नगर परिषद चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि ज़ीरा में महिलाओं के साथ हुई लूटपाट और छेड़छाड़ की घटनाओं से उन्हें गहरा दुख हुआ है। यदि वार्ड संख्या 7 के निवासी उन्हें सेवा करने का अवसर दें, तो वे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम करेंगी! उन्होंने कहा कि वे दो बेटियों की मां भी हैं और महिलाओं के दर्द और पीड़ा को भली-भांति जानती हैं। श्रीमती स्नेहा शर्मा ने आगे कहा कि वे अपने वार्ड को विकास के मामले में शहर का आदर्श वार्ड बनाने का प्रयास करेंगी! भारतीय जनता पार्टी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने पहले कांग्रेस और अकाली दल की सरकार देखी है और अब आम आदमी पार्टी की सरकार देख रही है। जनता से अपील करते हुए सुनेहा शर्मा ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में जनता को भारतीय जनता पार्टी को भी मौका देना चाहिए ताकि पंजाब में सुधार हो सके! श्रीमती सुनेहा शर्मा ने कहा कि वह अपने वार्ड के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी हैं और वार्ड निवासियों से एक मौका देने की मांग करती हैं। अंत में उन्होंने कहा कि वह वार्ड निवासियों और जीरा के निवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का हमेशा प्रयास करेंगी।



## सरकारी कॉलेज गुरदासपुर की ऊंची उड़ान : दाखिलों में रिकॉर्ड वृद्धि और नए कोर्सों के साथ तैयार किया शिक्षा का नया मॉडल

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
21 मई ( संदीप सन्नी )

सरकारी कॉलेज गुरदासपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान विकास, नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करते हुए अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला ने बताया कि इस वर्ष कॉलेज ने हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए एक %मॉडल संस्थान% के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

**दाखिलों में भारी उछाल और नए कोर्स**

कॉलेज पर विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा बढ़ा है, जिसका प्रमाण इस वर्ष पहले साल के दाखिलों में हुई 337 विद्यार्थियों की वृद्धि है।

-रोजगारोन्मुखी शिक्षा= विद्यार्थियों को आधुनिक समय के अनुसार तैयार करने के लिए बीबीए (बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस), बी.कॉम (टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट), एम कॉम और एमए पंजाबी जैसे कोर्स शुरू किए गए हैं।

-आगामी योजना (2026-27)= अगले सत्र से मास कम्युनिकेशन एंड वीडियो प्रोडक्शन, फाइन आर्ट्स और रूस्. मैथमेटिक्स जैसे कोर्स शुरू करने की योजना है।



**अकादमिक और सांस्कृतिक उपलब्धियां=**

-**फैकल्टी डेवलपमेंट :** शिक्षकों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए 27 अप्रैल से 1 मई 2026 तक विशेष प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें मॉडर्न पेडागोजी और डिजिटल एजुकेशन जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

-**युवा महोत्सव :** जीएनडीयू यूथ फेस्टिवल में कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 102 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज ने कुल 34 में से 26 प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज की।

**डिजिटल और बुनियादी ढांचा**

कॉलेज में बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए स्मार्ट क्लासरूम, अपग्रेड कंप्यूटर लैब और पोस्ट ग्रेजुएट ब्लॉक (महाराजा रणजीत सिंह भवन) का नवीनीकरण किया गया है। सूचनाओं के प्रसार के लिए कॉलेज का आधिकारिक यूट्यूब चैनल भी शुरू किया गया है।

**राज्य स्तर पर पहचान**

कॉलेज के लिए गौरव का विषय रहा कि प्रिंसिपल डॉ. भल्ला को पंजाब के राज्यपाल द्वारा वाइस चांसलर्स और प्रिंसिपल्स कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्मानित किया गया। वहां उन्होंने बाइनरी सिस्टम ऑफ एक्रिडिटेशन और सरहदी क्षेत्रों के कॉलेजों की समस्याओं पर महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। अंत में प्रिंसिपल डॉ. भल्ला ने दोहराया कि सरकारी कॉलेज गुरदासपुर भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह वचनबद्ध रहेगा।

# फताहपुर के सरकारी अस्पताल में उगी घास दे रही बीमारियों को न्योता

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
21 मई ( साहिब दयाल )

फ़ताहपुर में स्थित लाखों रुपए की लागत से बने भाई साहिब सिंह सेटेलाइट सरकारी अस्पताल के चारों तरफ उगी घास दाखिल हुई गर्भवती महिलाओं और उनके रिश्तेदारों के स्वास्थ्य के लिए गर्मी के मौसम में एक बड़ा खतरा बना हुआ है। यह घास गंभीर एलर्जी, त्वचा रोग एक्जिमा और दमे का कारण बन सकती है। दाखिल हुए महिला मरीजों ने कहा कि इसे तुरंत कटवाकर नष्ट करना चाहिए। वहीं माहिर डाक्टरों ने बताया कि गर्मियों की तपन से जंगली घास के संपर्क में आने से त्वचा पर चकत्ते, आंखों और गले में खुजली, नाक बहना व छींक आने जैसी समस्याएं होती हैं। घास के ज्यादा बढ़ने के समय उड़ने वाले छोटे कीटाणु मुंह में पहुंचकर अस्थमा दमा के मरीजों की परेशानी को कई गुना बढ़ा सकते हैं। अस्पताल की चारों तरफ बड़ी और अनियंत्रित घास में चूहे, जहरीले सांप और मच्छर-मक्खियों का खतरा बढ़ गया है जो बीमारियां भी फैला रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन को नियमित रूप से घास बूटी को नष्ट करने वाली दवाई घास को दोबारा उगने से रोकने के लिए समय-समय पर हर्बिसाइड्स का इस्तेमाल करना चाहिए। या फिर घास कटाई करने वाले मशीन की मदद से अस्पताल के चारदीवारी और खुले स्थानों की घास कटवा देनी चाहिए।

### रात को डर के साए में रहते हैं दाखिल हुए मरीज

स्थानीय लोगों ने डाक्टरी स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह जंगली घास बूटी कई महीनों से उगी हुई है। रात को यहां मरीजों एवं अन्य लोगों में डर का माहौल बना रहता है। लोगों ने कई बार अस्पताल प्रशासन को अवगत करवाया है लेकिन मौजूद स्टाफ इस बात को हल्के में समझकर टाल मटोल कर देता है। बारिश का सीजन शुरू होते ही जंगली घास पांव पसारने लगती है।

अस्पताल परिसर में फैल रही घास बूटी की ओर स्वास्थ्य विभाग का कोई ध्यान नहीं है। परिसर में सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिसमें मच्छरों की भरमार है। घास लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रही है। स्वस्थ व्यक्ति भी अस्पताल में आकर बीमारी की चपेट में आ रहा है। जब इस बारे में अस्पताल प्रभारी डॉक्टर बनवींन कौर से संपर्क किया तो उन्होंनो फोन रिसीव नहीं किया।





## संक्षिप्त न्यूज



# चुराह निवासी बाप-बेटा 883 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**धर्मशाला ( एएम नाथ )**– ज्वालामुखी के खुंडियां क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 883 ग्राम चरस के साथ बाप–बेटे को गिरफ्तार किया है। यह सफलता पुलिस को सुरानी में लगाए गए नाके के दौरान मिली, जब एक ऑल्टो कार को संदेह के आधार पर रोका गया और तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार में सवार भीखम राम (55) पुत्र नंद लाल निवासी भलूई डाकघर लेसबी तहसील चुराह जिला चम्बा और उसके पुत्र कमलेश कुमार (26) के कब्जे से चरस बरामद हुई।

मामले की पुष्टि एसपी देहरा मयंक चौधरी ने की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अब इस बात की जांच में जुटी है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगे कहां पहुंचाया जाना था। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों के नैटवर्क, पुराने रिकॉर्ड और मोबाइल डाटा की भी जांच करेगी। संभावना जताई जा रही है कि इस मामले में आगे और भी खुलासे या गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# पट्टा मेहलोग में दो दिवसीय मेला 25 मई से

### *26 को स्टार नाईट में चम्बा के कलाकार काकू राम ठाकुर करेंगे मनोरंजन*

**पट्टा मेहलोग, 21 मई ( तारा )** – पट्टा मेहलोग में 25 व 26 को आयोजित किये जाने वाला ऐतिहासिक दो दिवसीय मेला धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप व सचिव धर्मवीर ने बताया कि इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण कबड्डी प्रतियोगताएँ व विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन रहेगा।

25 मई सोमवार को कब्बड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इलाके में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण निर्णय लिया गया है कि मैच देर शाम को आयोजित किये जायेंगे। फाइनल मैच व विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन 26 मई को होगा। जिसमें हिमाचल के अलावा साथ लगते हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ व दिल्ली तक के नामी पहलवान हिस्सा लेते है।

कबड्डी प्रतियोगिता के प्रभारी ज्योति गुप्ता व पुनीत ने बताया कि 45 व 65 किलो भार वर्ग में अलग अलग प्रतियोगिता होगी। लड़कियों की कुश्ती के लिए ओपन प्रतियोगिता होगी। 65 किलो भार वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम को रुपये 11 हजार व ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 8100 व ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। इसी तरह पहलवानों को मेला कमेटी व बाड़ियाँ पंचायत की ओर से उचित पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा। दोपहर एक बजे से भंडारे का आयोजन रहेगा।

कुश्ती दंगल के प्रभारी अक्षय व सूरज ने बताया कि कुश्ती दंगल माली के मुख्य अतिथि दून के विधायक राम कुमार चौधरी रहेंगे। कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में बड़ी माली के विजेता को 9100 रुपये नकद व मुगदर (बुर्ज) के सम्मानित किया जाएगा। स्टार नाईट कार्यक्रम में रात्रि 8 से 10 बजे तक चम्बा के प्रसिद्ध गायक कलाकार काकू राम ठाकुर अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे।

# राज्यपाल ने श्री नैना देवी जी मंदिर में शीश नवाया



**बिलासपुर ( धर्मपाल )** – राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज बिलासपुर जिला में स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ श्री नैना देवी जी मंदिर में शीश नवाया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर पूजा–अर्चना की और हिमाचल प्रदेश तथा देश के लोगों की शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए मां नैना देवी जी से प्रार्थना की। उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग लिया।



इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि श्री नैना देवी जी मंदिर न केवल देशवासियों के लिए गहरी आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है, बल्कि यह हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि मां श्री नैना देवी जी का आशीर्वाद प्राप्त करने से हर भक्त में आंतरिक शक्ति, सकारात्मकता और पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ लोगों की सेवा करने का संकल्प जागृत होता है। राज्यपाल ने कहा कि यह मां श्री नैना देवी जी की दिव्य कृपा है जो सभी को लोगों और देश की सेवा करने के मार्ग का अनुसरण करने को प्रेरित करती है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के हर परिवार की खुशी, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

राज्यपाल के आगमन के दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे, जिन्होंने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

# शहरी निकाय चुनाव में कांग्रेस को झटका

## मंत्रियों से हार के कारण पूछेंगे मुख्यमंत्री सुक्खू

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( एएम नाथ )



व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को उपचुनाव जीतने के बाद शहरी निकाय चुनाव में कुछ मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा है। शिमला स्थित राज्य सचिवालय के शिखर सम्मेलन हाल में 22 मई को मंत्रिमंडल की बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित मंत्री धनीराम शांडिल, विक्रमादित्य सिंह, राजेश धर्माणी व रोहित ठाकुर हार के कारणों पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को फीडबैक देंगे।

बैठक में शहरी निकाय चुनाव परिणाम पर चर्चा होगी। बेशक चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन पार्टी के लिए चिंता का विषय यह है कि दिग्गज मंत्रियों के विधानसभा व गृह जिलों में कई नगर परिषद व नगर पंचायतों में हार का सामना करना पड़ा है।

**कमियां दूर करने पर होगा मंथन**

जिन मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस की हार हुई है, उन मंत्रियों से हार के कारण भी पूछे जाएंगे। मंत्री जो कारण बताएंगे, उन कमियों को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

हालांकि चार नगर निगमों व जिला परिषद सदस्यों के चुनाव परिणाम 31 मई को आने के बाद प्रदेश की राजनीतिक तस्वीर स्पष्ट होगी।

**हार के सही कारणों की जानकारी देंगे मंत्री :** ऊना जिले के हरोली की नगर पंचायत टाहलीवाल पर भाजपा का कब्जा हुआ है, जो उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का गृह क्षेत्र है।

शिमला जिले की रामपुर नगर परिषद पर भी भाजपा ने जीत दर्ज की है, जहां हमेशा कांग्रेस का वर्चस्व रहा है। यह क्षेत्र मंत्री विक्रमादित्य सिंह से भी जुड़ा है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के गृह जिले बिलासपुर में चारों शहरी निकायों में भाजपा ने भारी जीत हासिल की।

### सोलन में पांच में 4 निकायों में भाजपा

सोलन जिले में पांच निकायों में से चार पर भाजपा और एक पर कांग्रेस विजयी रही, यह स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल का गृह जिला है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के विधानसभा क्षेत्र जुब्बल कोटखाई में एक शहरी निकाय जुब्बल में कांग्रेस की जीत और कोटखाई में हार हुई है। कोटखाई क्षेत्र से प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, मुख्यमंत्री के ओएसडी रितेश कपरेट सहित कई अन्य नेता संबंध रखते हैं। सभी मंत्री हार के सही कारणों को मंत्रिमंडल बैठक में साझा करेंगे।



# शिमला में छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले युवक को लड़की ने सरेआम पीटा

## हाथ पकड़ने की कोशिश तो जड़ दिए थप्पड़

**शिमला ( ब्यूरो )**– हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में स्कूल से लौट रही एक छात्रा से छेड़छाड़ की गई। चौपाल उपमंडल के तहत ठाना गांव की छात्रा स्कूल से पैदल घर लौट रही थी। उसके पीछे उत्तर प्रदेश निवासी अब्दुल आया और छेड़छाड़ की। अब्दुल ने उसे अपने साथ गाड़ी में चलने को कहा। पहले तो छात्रा ने उसे अनदेखा किया। अब्दुल जब ने उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की तो छात्रा ने अपना फोन कैमरा चालू किया। इतने में वहां से आने–जाने वाले कुछ लोग रुके, जिससे लड़की की हिम्मत बढ़ी और उसने अब्दुल को सरेआम थप्पड़ जड़ दिए, जिससे आरोपित भाग गया। हालांकि इस मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है लेकिन इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ।

# जयराम ठाकुर का सुक्खू सरकार पर हमला

## गरीब मरीजों और लोकतंत्र दोनों पर हो रहा अत्याचार, आईजीएमसी में भोजन शुल्क बढ़ोतरी और ऋग्रद्ध विवाद पर जयराम ने सरकार को घेरा

### हाईकोर्ट की रोक पर बोले जयराम ठाकुर, जनविरोधी फैसलों को न्यायपालिका ने दिखाया आईना

» प्रथम न्यूज । मंडी
21 मई ( एएम नाथ )

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली, मंशा और कथित तानाशाही नीतियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मित्रों को समर्पित यह सरकार गरीब मरीजों को परेशान करने और अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का कोई अवसर नहीं छोड़ रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि माननीय न्यायपालिका द्वारा सरकार के गलत और जनविरोधी फैसलों पर रोक लगाने के निर्णय का भाजपा स्वागत करती है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता संभालने के बाद से ही मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के नाम पर मरीजों की जेब पर डाका डालने का प्रयास कर रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के फैसलों का आधार जनहित होना चाहिए, न कि जनता को प्रताड़ित करना। नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मरीजों के भोजन शुल्क में तीन गुना से अधिक वृद्धि की गई है। उनके अनुसार, पहले 14 रुपये में मिलने वाला भोजन अब 50 रुपये में दिया जाएगा और मरीजों को दिए जाने वाले दूध की मात्रा भी घटाकर 50 एमएल कर दी गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा मेस को ठेके पर सौंपने का फैसला गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालेगा। किन्नौर, चंबा, सिरमौर, कुल्लू और मंडी जैसे दूरदराज क्षेत्रों से इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह फैसला परेशानी का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि जो मरीज पहले महीने भर के इलाज के दौरान 420 रुपये भोजन पर खर्च करता था, अब उसे करीब 1500 रुपये देने पड़ेंगे।



इसके साथ ही जयराम ठाकुर ने सरकार पर भ्रष्टाचार छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के दायरे से बाहर करने संबंधी राज्य सरकार की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगाकर सरकार को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले भी सरकार को आगाह किया था कि ऐसे तानाशाही फैसले कानूनी कसौटी पर टिक नहीं पाएंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी एक ओर संविधान की दुहाई देती है, जबकि दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में सत्ता का दुरुपयोग कर असंवैधानिक फैसले ले रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे एक अधिकारी को मुख्य सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार देना प्रशासनिक पारदर्शिता और संस्थागत ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में राज्य सरकार, केंद्र सरकार और मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया जाना सरकार की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न है।

अंत में जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता सरकार का असली चेहरा देख चुकी है और न्यायालय द्वारा गलत नीतियों पर लगाई गई रोक कानून और न्याय की जीत है।

# राज्य में हरित आवरण को 29.5 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2030 तक 32 प्रतिशत करने का लक्ष्य

## पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए अभिनव पहल

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( बी.शर्मा )

हिमाचल के हरित आवरण में वृद्धि के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने महत्वाकांक्षी 'मिशन–32 प्रतिशत' शुरू किया है। इस मिशन का उद्देश्य वर्ष 2030 तक हिमाचल प्रदेश के हरित आवरण में 32 प्रतिशत तक विस्तार करना है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी पहल के अनुरूप वन विभाग द्वारा राज्य की पारिस्थितिकी को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक रणनीतियां तैयार कर कार्य किए जा रहे है। सरकार की बहुआयामी नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने और निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक समग्र कार्य योजना तैयार की गई है।

हिमाचल की जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वर्तमान में राज्य का वन क्षेत्र 29.5 प्रतिशत है, जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 32 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन क्षेत्र के विस्तार से जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकीय पुनर्स्थापन, मिट्टी और जल संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ, इस पहल से वनीकरण, कृषि वानिकी तथा सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के लिए सतत आजीविका के अवसर भी सृजित होंगे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कैम्पा, बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं तथा अन्य विभागीय योजनाओं के अंतर्गत पौधारोपण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। वित्तीय वर्ष 2026–27 में 8,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें फलदार एवं देशी किस्मों के पौधों लगाने पर विशेष बल दिया जाएगा, ताकि पारिस्थितिकीय संतुलन के साथ–साथ ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ हो सके।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने कार्यभार संभालने के उपरांत पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में कई अभिनव हरित पहले की हैं। राजीव गांधी वन संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना और राजीव गांधी ग्रीन एडॉप्शन स्कीम जैसी योजनाओं के तहत बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2026–27 में लगभग 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में 1,100 सामुदायिक समूहों के माध्यम से पौधारोपण गतिविधियां संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इनमें 60 प्रतिशत महिला समूह, 20 प्रतिशत युवा समूह तथा 20 प्रतिशत अन्य स्वयं सहायता समूह शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार प्रमुखता से कार्य कर रही है और हरित विकास रणनीति के प्रमुख स्तंभों के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा, प्राकृतिक खेती, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और सतत पर्वतीय विकास को निरंतर बढ़ावा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इन सामूहिक प्रयासों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश, देश में पारिस्थितिकी संरक्षण और सतत विकास का एक अग्रणी राज्य बनकर उभरेगा।

### 6 जून से अंब अंदौरा से चलेगी गुरुमुखी साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस

**बंगाणा, ( जोगिंद्र देव आर्य )**– भारतीय रेलवे ने ज़िला ऊना समेत अन्य क्षेत्रों के रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। आगामी 6 जून 2026 ( शनिवार) से अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर 12326 गुरुमुखी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन 06 जून से प्रत्येक शनिवार सुबह 06:10' बजे अंब अंदौरा से कोलकाता के लिए रवाना होगी, आगे ऊना हिमाचल स्टेशन पर सुबह 06:38' बजे पहुंचेगी, यहाँ 05 मिनट ठहराव के बाद आगे सुबह 06:43' बजे नंगल डैम के लिए रवाना होगी और रविवार दोपहर 02:50' बजे अपने गंतव्य स्टेशन कोलकाता पहुंचेगी, वहीं 11 जून से प्रत्येक गुरुवार सुबह 07:40' बजे रेलगाड़ी संख्या 12325 कोलकाता से अंब अंदौरा के लिए प्रस्थान करेगी और अगले दिन यानी शुक्रवार शाम 04:35' बजे ऊना हिमाचल स्टेशन पहुंचेगी , यहां 05 मिनट ठहरेगी और शाम 04:40' बजे आगे अंब अंदौरा के लिए जाएगी और शाम 05:10' बजे अपने गंतव्य स्टेशन पहुंचेगी। इस साप्ताहिक ट्रेन से क्षेत्र के यात्री अब तेज़, आरामदायक एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्रा का लाभ उठा सकेंगे।

गुरुमुखी एक्सप्रेस की शुरुआत से हिमाचल प्रदेश के ज़िला ऊना, काँगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर और आसपास के अन्य क्षेत्रों के लोगों को बरेली, लखनऊ, वाराणसी ,पटना साहिब सहित विभिन्न प्रमुख गंतव्यों की बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। ट्रेन सुपरफास्ट श्रेणी की होने के कारण यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा यात्री ज्यादा से ज्यादा आरामदायक सफर का अनुभव कर सकेंगे। यह नई ट्रेन सेवा न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी बल्कि पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। भारतीय रेलवे क्षेत्रीय यात्री सुविधाओं को लगातार बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस इस दिशा में एक और सकारात्मक कदम है।

# कर्नाटक स्मार्ट सिटी के सफल मॉडल को हिमाचल में अपनाएंगे : विक्रमादित्य सिंह

## बेंगलुरु में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से की भेंट



» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( बी.शर्मा )

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज बेंगलुरु में शहरी विकास स्मार्ट सिटी तथा ग्रेटर बेंगलुरू अथॉरिटी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की तथा वहां पर शहरी विकास विभाग की गतिविधियों का जायजा लिया।

उन्होंने बेंगलुरु में ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी तथा स्मार्ट सिटी के माध्यम से बनाए गए मॉडल का अवलोकन किया तथा कहा कि कर्नाटक की सरकार द्वारा शहरी विकास क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश से शहरी विकास विभाग, नगर निगम तथा स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का प्रतिनिधिमण्डल कर्नाटक में शहरी विकास कार्यों का अध्ययन करने जाएगा। इन कार्यों से प्रेरणा लेकर इसके सफल मॉडल को हिमाचल में अपनाया जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि अर्बन चेलैंज फंड के लिए केन्द्र से प्रस्तावनाएं अनुमोदित करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएगें तथा जो योजनाएं प्रगतिशील हैं उन्हें और गति प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी, बेंगलुरु नॉर्थ सिटी कॉरपोरेशन तथा बेंगलुरु वैस्ट सिटी कॉरपोरेशन सहित कर्नाटक सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इससे पूर्व, लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्री श्री रविशंकर से भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेश में विकासात्मक गतिविधियों तथा धार्मिक सद्भावना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बढ़ा विद्यार्थियों का रुझान, निजी छोड़कर एडमिशन लेने पहुंचे रिकॉर्ड बच्चे

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( बी.शर्मा )



हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली बार विद्यार्थियों की संख्या कम होने के बजाय बढ़ी है। 11,721 विद्यार्थियों ने निजी स्कूल छोड़कर सीबीएसई से संबद्ध प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है। सरकार ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार व सरकारी स्कूलों में कम हो रही विद्यार्थियों की संख्या पर अंकुश लगाने के लिए 158 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध किया है। पहले ही साल इसके सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। विद्यार्थियों का सरकारी स्कूलों की ओर रुझान बढ़ा है।

**कितने स्कूलों ने लिया दाखिला**

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए इन स्कूलों में 84,420 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। विभाग के अनुसार इनमें 11,721 विद्यार्थियों ने निजी स्कूल छोड़कर इनमें दाखिला लिया है, जबकि 11,525 विद्यार्थी वे हैं जो सरकारी स्कूलों से सीबीएसई से संबद्धता वाले स्कूलों में आए हैं। 23,247 दाखिले अभी तक बढ़ चुके हैं। मंडी, शिमला, चंबा, सिरमौर और सोलन जिले के स्कूलों में सबसे अधिक दाखिले हुए हैं।

**11 साल में छात्रों की संख्या कितनी घटी** – सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। 11 वर्षों में सरकारी स्कूलों में प्राइमरी से जमा दो तक 3,53,805 विद्यार्थियों की संख्या कम हुई है। वर्ष 2014–15 में 9,59,147 विद्यार्थी थे, जो 2024–25 में 6,05,342 रह गए हैं। पहले प्री प्राइमरी व अब सीबीएसई से सरकारी स्कूलों को संबद्ध करने के बाद सुधार हो रहा है।

**कैबिनेट बैठक में 1500 पद सृजित करने पर लग सकती है मुहर**

सरकार ने सीबीएसई से संबद्ध सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के छह हजार पद भरने की प्रक्रिया शुरू की है। विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने के बाद कई स्कूलों में दो–दो सेक्शन बन गए हैं। इसके चलते अब अतिरिक्त शिक्षकों की तैनाती करनी पड़ेगी। 22 मई को होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को चर्चा के लिए रखा जाएगा। इस पर कैबिनेट की मुहर लग सकती है। विभाग ने सरकार से लगभग 1500 अतिरिक्त पद इन स्कूलों में सृजित करने की मांग की है। सरकार की मंजूरी के बाद ही इसकी प्रक्रिया शुरू होगी।



## संक्षिप्त न्यूज

### यूटी इंजीनियर्स एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का गठन




**चंडीगढ़, 21 मई ( पुनीत महाजन )** - यूटी इंजीनियर्स एसोसिएशन के चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गए, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित की गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा इंजीनियरों के हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी में ललित वशिष्ठ को अध्यक्ष, रिक्खी भटनागर को उपाध्यक्ष, मोहित राणा को महासचिव तथा अजय रघुवंशी को वित्त सचिव चुना गया। इसके अलावा योगेश, भुनेश, अनुप और सनी को आयोजन सचिव नियुक्त किया गया, जबकि प्रिंस वालिया को प्रेस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे कर्मचारियों एवं इंजीनियरों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। एसोसिएशन के सदस्यों ने नई टीम को बधाई देते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और इंजीनियरों की आवाज को मजबूती मिलेगी।

### हरियाणा के INLD विधायक अर्जुन चौटाला का ऐलान

#### मैं हूं पहला कॉकरोच विधायक



**चंडीगढ़ ( ब्यूरो )**- कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर देश में चर्चाएं तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर बनी पार्टी CJP को युवाओं का सपोर्ट मिल रहा है। महज दो-चार दिन में CJP के करोड़ों फोलोअर्स होना सभी को हैरान कर रही है। वहीं सबसे अधिक अब राजनीतिक पार्टियां हैरान हो रही है। वहीं अब इस पर सियासत भी शुरू हो गई है। इस बीच हरियाणा में कॉकरोच जनता पार्टी की एंट्री हो गई है। इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) के विधायक और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के पोते अर्जुन चौटाला ने खुद को कॉकरोच का पहला विधायक होने का ऐलान किया है।

#### अर्जुन चौटाला ने CJI के बयान पर जताई आपत्ति

अर्जुन चौटाला ने के इस बयान से अब नई सियासी चर्चा शुरू हो गई है। अर्जुन चौटाला ने खुद को कॉकरोच विधायक बताते हुए CJI के कथित बयान पर आपत्ति भी जताया है। अर्जुन चौटाला ने कहा कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया का युवाओं को कॉकरोच कहना का बयान गलत है। उन्होंने कहा, सीजीआई के बयान से लगता है कि देश में कोई भी सवाल न पूछे। न्यायाधीश का मतलब उस शख्स से होता है जो सभी पक्षों को एक आंख बंद करके देखता है। तथ्यों पर बात करता है।

#### कॉकरोज भाईयों के साथ खड़ा हूं

अर्जुन चौटाला ने मीडिया से बात करते हुए साफ कहा है कि एक जनप्रतिनिधि के नाते मैं उन सभी युवाओं और कॉकरोच भाईयों के साथ खड़ा हूं, यानी मैं उनका पहला कॉकरोच विधायक हूं। कॉकरोच दुनिया में इंसानों से पहले आए थे और दुनिया के खत्म होने तक वह जिंदा रहेंगे।

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मोहनलाल भांवरा तथा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**इस्माईलाबाद ( सुनील कोमल )** - अनाजमंडी में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर शहर एवं क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रधान कांग्रेस कमेटी मोहनलाल भांवरा ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पकार थे। उन्होंने देश को सूचना प्रौद्योगिकी, संचार और युवा शक्ति से जोड़कर विकास की नई दिशा दी। आज देश को उनके विचारों और दूरदर्शी सोच की सबसे अधिक आवश्यकता है।

मोहनलाल भांवरा ने अपने संबोधन में कहा कि राजीव गांधी ने जिस विकसित, मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक को राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में कार्य करना होगा। वर्तमान समय में आर्थिक चुनौतियों और महंगाई के दौर में समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना चाहिए। देश की एकता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत रखना ही स्वर्गीय राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज उठाती रही है तथा राजीव गांधी के आदर्श कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला सचिव कांग्रेस कमेटी गुरजीत सिंह सैनी, भूपिंद्र सिंह नम्बरदार, जगीर सिंह, निशान सिंह, हरप्रीत सिंह, रमेश कश्यप, जसविंद्र सिंह, जसप्रीत सिंह, सोहन सैनी, दीपक मेघा माजरा, श्रवण सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शिकायतकर्ता को धमकी देने वालों पर केस और एसडीओ ने रास्ते में खंभे और ट्रांसफार्मर लगवाए उसके खिलाफ होगी कार्रवाई : नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान 338 शिकायतों को सुना, नागरिकों के बार-बार चक्कर लगाने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई अमल में लाएगी सरकार

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
21 मई ( मुकेश डोलिया )







हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिस एसडीओ ने गांव बकाली में खेत के रास्ते के बीच में खंभे और ट्रांसफार्मर लगाए, उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस मामले की एसडीएम लाडवा जांच करेंगे। इसके साथ ही पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को धमकी देने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया जाए। इतना ही नहीं आम नागरिकों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का विकास हो और हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा के शिवाला रामकुंडी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन के बीच पहुंचकर सीधा संवाद कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नागरिकों को कहा कि सभी नागरिक शिकायत पत्र पर अपना मोबाइल नंबर जरुर लिखें, ताकि विभाग उनसे संपर्क कर सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान 338 शिकायतों को सुना।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का यह मंच हमारे क्षेत्र के सतत विकास, जनकल्याण और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का प्रतीक है। लाडवा विधानसभा क्षेत्र में बीते समय के दौरान जो विकास कार्य हुए हैं, वे यह सिद्ध करते हैं कि सरकार की नीति और नियत दोनों जनहित के लिए समर्पित हैं। सरकार का उद्देश्य सिर्फ एक है, इस क्षेत्र का विकास और यहां के हर नागरिक का उत्थान करना। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि कोई भी नागरिक जब शिकायत लेकर आता है तो उनकी सुनवाई कर शिकायत का निदान करें। उस शिकायत को लेकर किसी भी नागरिक को दोबारा से चक्कर ना लगाना पड़े।

मुख्यमंत्री के समक्ष शिकायतकर्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्होंने कई वर्ष पहले बकाली में करीब 7 एकड़ जमीन ली थी। इसकी मलकियत में ही रास्ता भी तय था लेकिन कुछ लोगों ने एसडीओ से मिलकर उनके खेत के रास्ते में बिजली का ट्रांसफार्मर व खंभे लगवा दिए। अब उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने शिकायत पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धनौरा जाटान निवासी जसबीर सिंह की शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि स्कूल की फिजिबल्टी चैक करने के उपरांत 12वीं तक का किया जाएगा। इसी तरह नरेश पाल की शिकायत पर मार्केटिंग बोर्ड को निर्देश दिए कि बरसात का सीजन शुरू होने से पहले खिडकी विरान से रुडकी गांव के बीच का रास्ता तैयार किया जाए, ताकि इस रास्ते से होकर जाने वाले लगभग 6 गांवों के नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो और पीडब्ल्यूडी विभाग को गांव कनीपला की सडक का निर्माण बरसात के सीजन से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए जल्द से जल्द ऑनलाइन नाम ठीक करने की प्रक्रिया को पूरा करने के उपरांत आरटीई के तहत बच्चे का प्राइवेट स्कूल में दाखिला करवाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कालीरानो निवासी बलविंद्र सिंह के खेत में ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य तत्काल पूरा किया जाए। इसके साथ ही मुनियार पुर निवासी भगत सिंह के चोरी हुए ट्रांसफार्मर की जगह नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए।

### 16.20 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है एसडीएम कार्यालय का निर्माण

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 65 गांवों में 11 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत से पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया है। लाडवा शहर में सहारनपुर-कुरुक्षेत्र सडक को चार-मार्गी करने का काम 10 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इसी तरह एसडीएम कार्यालय का निर्माण 16 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका लाडवा को सीएम अनाउंसमेंट से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 16 करोड़ 37 लाख रुपए की राशि दी गई है। इसमें से 7 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। शेष राशि के विकास कार्य जारी हैं। इसी तरह दिव्य नगर योजना में 2 करोड़ 46 लाख रुपए की राशि से विकास कार्य किए गए हैं।

### पीएम आवास योजना के तहत 364 मकानों का करवाया निर्माण

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 364 मकानों का निर्माण किया गया है और 249 मकान निर्माणाधीन हैं। हर घर गृहिणी योजना में 9 हजार 240 परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। आयुष्मान चिरायु योजना में 1 लाख 59 हजार लोग पात्र पाए गए हैं, इनमें से 1 लाख 20 हजार लोगों के चिरायु कार्ड बन चुके हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए राक्षी नदी पर तीन स्थानों पर पक्के पुलों का निर्माण किया जा रहा है। इनकी लागत 1 करोड़ 35 लाख 72 हजार रुपये है। इसी नदी पर 2,200 फीट लंबी आर.सी.सी. ट्रैक परियोजना 3 करोड़ 12 लाख 25 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि सिंचाई व्यवस्था बेहतर होने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ेगी।

**74 सीएम अनाउंसमेंट में से 38 का काम हो चुका पूरा** - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने लाडवा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, सामाजिक समरसता, सिंचाई, स्वास्थ्य, पशुपालन, खेल, पर्यावरण संरक्षण और नगरीय सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि लाडवा हलके के विकास के लिए 74 सीएम अनाउंसमेंट हुई , जिनमें से 38 का काम पूरा हो चुका और बाकी पर काम जारी है। सरकार ने लाडवा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों पर पिछले साढ़े 11 वर्षों में 807 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में मात्र 310 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। लाडवा शहर में 26 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया व सीवरेज लाइन बिछाई गई।

इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया और अंत में भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

# चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के युवा पुरस्कार-2024 के लिए हरलीन कौर चयनित

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
21 मई ( पुनीत महाजन )









Chandigarh Sahitya Akademi ने Harleen Kaur को उनकी अंग्रेज़ी कविता संग्रह Eternal Whispers: Songs of the Soul के लिए प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार-2024 हेतु चयनित किया है। हरलीन कौर वर्तमान में Punjab Engineering College में बी.टेक (कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग) द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं।

यह सम्मान 22 मई 2026 को शाम 5:00 बजे सेक्टर-36ए स्थित MCM DAV College में आयोजित चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के वार्षिक सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में गुलाबचंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

हरलीन कौर, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की कंप्यूटर शाखा के डाटा सेंटर में कार्यरत सुपरीटेंडेंट ग्रेड-2 श्री भूपिंदर सिंह की पुत्री हैं। कम उम्र में ही उन्होंने साहित्य, शिक्षा और रचनात्मकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

उनकी दूसरी प्रकाशित पुस्तक The Game of Revenge, जो जुलाई 2025 में प्रकाशित एक क्राइम थ्रिलर उपन्यास-इन-वर्स है, को भी चंडीगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा ग्रांट-इन-एड के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान 23 मई 2026 को सुबह 11:00 बजे सेक्टर-38सी स्थित रानी लक्ष्मी बाई भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर रतन मुख्य अतिथि होंगे।

हरलीन कौर शिक्षा और साहित्य दोनों क्षेत्रों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। वह वर्तमान में PEC चंडीगढ़ से बी.टेक सीएसई के साथ-साथ IIT Madras से डाटा साइंस एंड एप्लीकेशंस में बीएस डिग्री भी कर रही हैं और दोनों पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड बनाए हुए हैं।

उनकी प्रकाशित पुस्तकों में शामिल हैं:

- Eternal Whispers: Songs of the Soul (जुलाई 2024) - कविता संग्रह
- The Game of Revenge (जुलाई 2025) - क्राइम थ्रिलर उपन्यास-इन-वर्स

- हरलीन को साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिल चुके हैं। उन्होंने Chandigarh Literary Society द्वारा आयोजित वार्षिक कविता प्रतियोगिता में लगातार दो वर्षों तक पुरस्कार प्राप्त किए, जिसमें वर्ष 2024 में द्वितीय और 2025 में तृतीय स्थान हासिल किया।

उनकी अन्य उपलब्धियां इस प्रकार हैं :

- PECfest Poetry Competition 2024 में प्रथम पुरस्कार
- Government Museum & Art Gallery Chandigarh की KALAMAY Poetry Competition 2025 में तृतीय पुरस्कार
- LitFest 2025, PEC में द्वितीय रनर-अप
- IIT Ropar के Bidvertise Event 2024 में प्रथम स्थान

इसके अलावा उन्हें वर्ष 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट शैक्षणिक और साहित्यिक उपलब्धियों के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा Certificate of Academic Laurels से सम्मानित किया गया। वहीं पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा लगातार दो शैक्षणिक वर्षों 2024-25 और 2025-26 में Certificate of Achievement भी प्रदान किया गया।

शैक्षणिक रूप से हरलीन ने वर्ष 2022 में कक्षा दसवीं में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ट्राइसिटी में टॉपर बनने का गौरव हासिल किया था।

साहित्य और शिक्षा के अलावा वह IIT Madras के Poetry Club Alfaaz की सचिव भी हैं तथा IIT Ropar एवं iHub@Awadh द्वारा आयोजित Joy of Computing Workshop में मेंटर और टीचिंग असिस्टेंट के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। वह कोडिंग, रचनात्मक लेखन और विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं।

हरलीन कौर की उपलब्धियां उन्हें चंडीगढ़ का गौरव और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनाती हैं।




### बच्चो के पेट की आंतों में पनपने वाले स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कीड़ों को खत्म करती है कृमि मुक्त दवा : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 21 मई ( बृज मोहन )** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार व सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मथाना में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुदेश कुमार सहोता सामु. स्वा0 केन्द्र मथाना की अध्यक्षता में मनाया गया। ग्राम पंचायत मथाना से सरपंच प्रतिनिधि रवि कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उपस्थित बच्चों को पेट के कीड़ों की गोली खिलाई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. सुदेश कुमार सहोता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर बीमारियों से बचाव के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

आज भारत सरकार की तरफ से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चो के पेट की आंतों में पनपने वाले स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कीड़ों को खत्म करना है, क्योंकि ये कीड़े भोजन में उपस्थित पोषक तत्वों को शरीर में अवशोषित नहीं होने देते जिससे बच्चों में एनीमिया व रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। बच्चो का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो जाता है। सरपंच प्रतिनिधि रवि कुमार ने बच्चों को कहा कि स्वस्थ विद्यार्थी भविष्य में स्वस्थ राष्ट्र का निमार्ण करते है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे इस तरह के कार्यक्रमों का भरपूर लाभ उठाएं और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करे। इस मौके पर ग्रांम पंचायत सदस्य, विद्यालय के अध्यापक गण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथाना की तरफ से डॉ. दीपक चिकित्सा अधिकारी, डा. सिन्धु बाला डेन्टल सर्जन, हेल्थ इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार व हेल्थ सुपरवाईजर कृष्णा देवी, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुषमा देवी और गांव की आशा वर्कर के साथ गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गिरते रुपये, बढ़ती महंगाई और बेतहाशा टैक्स पर समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने उठाए गंभीर सवाल

## RBI द्वारा 5 अरब डॉलर की नीलामी केवल एक अस्थायी मरहम, स्थायी समाधान नहीं, दुनिया में सबसे महंगा ईंधन बेचने के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था डगमगाई क्यों?

**आम जनता टैक्स के बोझ तले दबी, आखिर इस बदहाली का जिम्मेदार कौन?**

**आम जनता की एक ही पुकार- कमरतोड़ महंगाई से तुरंत निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार।**

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
21 मई ( पुनीत महाजन )

चंडीगढ़- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) द्वारा बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़ाने और गिरते रुपये को संभालने के लिए 26 मई को होने वाली 5 अरब डॉलर (डॉलर-रुपया स्वैप) की नीलामी पर प्रख्यात समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने देश की वर्तमान आर्थिक नीतियों, कमरतोड़ महंगाई और जनता पर थोपे गए भारी टैक्स को लेकर सरकार और नीति-निर्माताओं से देशहित में गम्भीरता भरा सवाल पूछा।

एक प्रेस नोट जारी करते हुए समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने कहा:

-डॉलर बेचना, सोना या अन्य कीमती आभूषणों को दांव पर लगाना किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता ।यह सिर्फ एक अस्थायी मरहम है। अगर इसी तरह देश के विदेशी मुद्रा भंडार और संपत्तियों के सहारे गिरते रुपये को थामने की कोशिश की जाती रही, तो आने वाले समय में देश की आर्थिक संप्रभुता खतरे में पड़ जाएगी। असली सवाल यह है कि आखिर हमारी अर्थव्यवस्था इस कदर डगमगाई क्यों है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स भारत में, फिर भी खजाना खाली क्यों?

राजबीर सिंह भारतीय ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा देश है जहां पेट्रोलियम पदार्थों (पेट्रोल, डीजल), रसोई गैस, प्लास्टिक और अन्य आवश्यक कच्चे माल पर सबसे ज्यादा टैक्स वसूला जा रहा है।



उन्होंने जनहित में गम्भीरता भरा सवाल उठाते हुए कहा

जनता की जेब पर डाका

जब सरकार ईंधन और बुनियादी चीजों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स वसूल रही है, तो वह पैसा जा कहां रहा है

### महंगाई का चक्रव्यूह

महंगे पेट्रोल-डीजल के कारण माल ढुलाई महंगी हो रही है, जिससे खाने-पीने की चीजों से लेकर हर जरूरी सामान आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है।

### अर्थव्यवस्था की बदहाली

इतना भारी टैक्स राजस्व मिलने के बावजूद रुपया लगातार क्यों गिर रहा है और अर्थव्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होने के बजाय वेंटिलेटर पर क्यों दिखाई दे रही है

### महंगाई से त्रस्त आम जनता का सीधा सवाल – सरकार उठाए कदम

राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि यह सिर्फ किसी एक संगठन या नेता की बात नहीं है, बल्कि आज यह देश की आम जनता का सबसे बड़ा सवाल और मांग बन चुकी है। रोज़ कमाने-खाने वाला मजदूर हो, मध्यम वर्ग हो या छोटा व्यापारी दुकानदार, किसान –हर कोई इस बेतहाशा महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है।

जनता अब केवल आश्वासनों और कागजी आंकड़ों से थक चुकी है। आम जनता की सरकार से पुरजोर मांग है कि इस असहनीय महंगाई से आम नागरिक को तुरंत राहत और निजात दिलाने के लिए सरकार बिना देरी किए व्यावहारिक कदम उठाए।

### आखिर जिम्मेदार कौन

राजबीर सिंह भारतीय ने सीधे शब्दों में पूछा कि इस आर्थिक कुप्रबंधन का जिम्मेदार कौन है क्या नीतियां बनाने वाले जमीनी हकीकत से पूरी तरह कट चुके हैं उन्होंने मांग की कि सरकार केवल डॉलर की खरीद-बिक्री के खेल से बाहर निकलकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और जनता को राहत देने के लिए ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाए।

उन्होंने चिंता भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार ने टैक्स दरों को तर्कसंगत नहीं बनाया, घरेलू उद्योगों को बढ़ावा नहीं दिया और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर तुरंत लगाम नहीं कसी, तो देश का मध्यम और गरीब वर्ग, किसानी और किसानपूरी तरह तबाह हो जाएगा। केवल विदेशी मुद्रा की नीलामी से देश और जनता का भला होने वाला नहीं है।

आज का
संपादकीय

# मन के हारे हार है मन के जीते जीत

मन के हारे हार है मन के जीते जीत मन अडिग होना चाहिए मन नहीं भटकना चाहिए हार को जीत में बदलने से कोई नहीं रोक सकता हार कभी नहीं होती बस इरादे अटल होने चाहिए लक्ष्य पर फोकस रखें,लक्ष्य भी व सोच भी ऊँची होनी चाहिए तभी लक्ष्य हासिल हो सकता है लक्ष्य के प्रति व्यापक सोच होनी चाहिए सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता सफलता हासिल करने के लिए दिन रात मेहनत करनी पढ़ती है अंधेरों को चीरना पड़ता है सफलता के लिए एक लक्ष्य स्थापित करना पड़ता है सफलता के रास्ते में बहुत बाधाएं आती है जिसने साहस कर लिया वह सफल जरूर होता है सफलता हासिल करना आसान होता है लेकिन सफलता बनाये रखना बहुत कठिन होता है लक्ष्य की राह आसान नहीं होती रातों को कुर्बान करना पड़ता है दूनिया में जितने भी सफल लोग हैं उन्होंने बहुत संघर्ष किया है सफलता के लिए एक आत्मविश्वास होना चाहिए, इरादे मजबूत होने चाहिए लक्ष्य पर नजर होनी चाहिए, लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए लक्ष्य ऊँचा होना चाहिए लक्ष्य के प्रति एक जूनून होना चाहिए लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए भाग्य अपना अपना है मेहनत से भाग्य को बदला जा सकता है मेंहनत का फल जरूर मिलेगा मेहनत पर विश्वास रखना चाहिए आत्मविश्वास से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



नरेन्द्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

लक्ष्य पर एक नजर होनी चाहिए की पूर्ण करके ही दम लेंगे अक्सर देखा गया है की कुछ लोग एक बार असफल हो जाते हैं वे कोशिश करना छोड़ देते हैं कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती इसलिए हार नहीं माननी चाहिए मन के हारे जीत है मन के हारे हार होती है इसलिए हार से घबराना नहीं चाहिए बल्कि डटकर मुकाम हासिल करने के लिए आगे बढ़ते रहना चाहिए नई ऊर्जा के साथ हर समय तैयार रहना चाहिए ताकि लक्ष्य से भटक न सकें मंज़िल मिल ही जाती है भटकते ही सही पर सफलता जरूर मिल जाती है सकारात्मक सोच रखनी चाहिए लक्ष्य हासिल करने का जज्बा होना चाहिए समय का प्रबंधन करना चाहिए हर पल का सदुपयोग करना चाहिए लक्ष्य पूरा करने के लिए तपस्या करनी पड़ती है सच्चे मन से तपस्या की जाये तो लक्ष्य को हासिल करना आसान हो जाता है मजबूत व नेक व पाक इरादे नामुमकिन को मुमकिन बना देते हैं किस्मत को भी झुकना पड़ता है मेहनत से हाथों की लकीरों को बदला जा सकता है लक्ष्य का पीछा करना पड़ता है रास्ते में कई काटें भी चुभते हैं पाँव छलनी हो जाते हैं संघर्ष से मिली हुई सफलता स्थाई होती है जबकि तिगडंम ज्यादा दिन नहीं चलता लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहना चाहिए ईमानदारी की हमेशा जीत होती है लक्ष्य निश्चित होना चाहिए तभी जीत मिलती है लक्ष्य सार्थक होना चाहिए तभी लक्ष्य की सार्थकता सिद्ध होगी।

# कोचिंग संस्कृति की चपेट में शिक्षा

**मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट के पेपर लीक कांड ने सभी को दुखी और चिंतित किया है। नीट पेपर लीक कांड ने बताया कि किस तरह पैसा, बढ़ते लालच और अयोग्य होकर भी योग्य छात्रों की सीट छीनने की चाहत के त्रिकोण ने ऐसी घटनाओं को जन्म दिया है। इसी त्रिकोण ने मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ लिपिक पद की परीक्षाओं तक के लिए भी देश भर में कोचिंग का जाल खड़ा कर दिया है। देश में अनेक कोचिंग हब बन गए हैं। आनलाइन-आफलाइन के कोचिंग तंत्र विकसित हो गए हैं और कोचिंग व्यवसाय एक इंडस्ट्री का रूप ले चुका है। यह इंडस्ट्री अब अत्यंत समर्थ और शक्तिवान हो गई है। इसका टर्नओवर छह मिलियन डालर का हो गया है। आने वाले वर्षों में इसके 17 मिलियन डालर हो जाने की संभावना है। इस इंडस्ट्री में प्रतिवर्ष लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है। जिस व्यवसाय में इतना अपार धन निहित हो, वह किसी भी फूलप्रूफ सिस्टम में छेद कर पेपर लीक करा सकता है। नीट पेपर लीक कांड में गिरफ्तार कुछ लोग कोचिंग व्यवसाय से भी जुड़े हैं।**



वास्तव में हर सिस्टम में ऐसे लोग होते हैं, जिनमें लालच अपना फन छुपाए प्रवेश कर जाता है। इसीलिए हाल में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक को एक सामाजिक बुराई कहा। ऐसी सामाजिक बुराई के खिलाफ सरकार और समाज, दोनों को साथ आकर काम करना होगा। सरकार अपनी व्यवस्था को दुरुस्त करने में तो लगी ही है, लोगों को भी खुद एक नैतिक समाज में तब्दील होना होगा। मेडिकल कालेजों की सीट में हेराफेरी में अनेक स्तरों पर कमीशनखोर एजेंट्स, कंसलटेंट नुमा दलालों और पेपर लीक करने वालों का जाल फैला हुआ है। यह बड़े शहरों से लेकर कस्बों तक फैल गया है। 1980 के दशक में जब हम स्कूली छात्र थे तो कोचिंग संस्थानों का जाल इतना नहीं फैला था। तब सरकारी स्कूल बेहतर स्थिति में थे और कमजोर छात्रों के लिए ही कोचिंग आवश्यक मानी जाती थी।

1990 के दशक के बाद सरकारी स्कूल व्यवस्था कई जगह पर कमजोर हुई। इसका लाभ शिक्षा को व्यवसाय मानने वालों ने उठाया। यह वही दौर था जब भारत में मध्य वर्ग का कई गुना विस्तार हुआ। नव उदारवादी अर्थव्यवस्था के आने के बाद जब बाजार आक्रामक हुआ तो उसने शिक्षा और परीक्षा को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसी समस्या को देखते हुए मोदी सरकार ने जो नई शिक्षा नीति बनाई, उसमें शिक्षा मंत्रालय का सबसे ज्यादा जोर शिक्षा के माध्यम से ऐसा नैतिक मानस सृजित करना है, जो परंपरा से जुड़ा हुआ आधुनिक नवाचारी नागरिक हो।

शिक्षा मंत्रालय ने इस बार जैसे ही नीट पेपर लीक की खबर आई, त्वरित निर्णय लेते हुए उसे निरस्त किया और जांच सीबीआइ को सौंप दी। इसके साथ ही परेशान छात्रों के लिए आर्थिक एवं व्यवस्थागत सहयोग की कई घोषणाएं कीं। शिक्षा मंत्रालय का यह कदम योग्य छात्रों के हक पर अयोग्य एवं अनैतिक शक्तियों के कब्जा करने की रणनीति के खिलाफ एक सख्त पहल के रूप में भी देखा जाना चाहिए। यह कदम अनैतिक शक्तियों के मंसूबों पर पानी फेरने वाला है।

पिछली बार जब ऐसी घटना हुई थी तो शिक्षा मंत्रालय ने कई सुधारात्मक कदम उठाए थे। पेपर लीक में लिप्त पाए गए लोगों को कठोर सजा देने के लिए सरकार ने पब्लिक एग्जामिनेशन प्रिवेंशन आफ अनफेयर मीन्स एक्ट बनाया और ऐसे मामलों से निजात पाने के लिए राधाकृष्णन कमेटी का गठन किया। एनटीए ने इस कमेटी की कुछ सिफारिशों को लागू भी किया है। इस कमेटी के सुझावों के अनुसार शिक्षा मंत्री ने अगले साल से नीट-यूजी, पीजी परीक्षा सीबीटी यानी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के रूप में कराने की घोषणा की है।

इससे एक लाभ यह होगा कि परीक्षा की पूरी प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। संपूर्ण व्यवस्था एवं प्रक्रिया काफी कुछ डिजिटल मोड में आ जाएगी। यह ठीक है कि इस मोड में परीक्षा कई दिन और कई सेट प्रश्नपत्रों के साथ करानी होगी और परीक्षा के मूल्यांकन हेतु संतुलित नार्मलाइजेशन की प्रक्रिया भी अपनानी होगी, लेकिन इससे लाभ यह होगा कि पेपर लीक की आशंका लगभग खत्म हो जाएगी।

एक तरफ एनटीए अपनी व्यवस्था चाक चौबंद बनाने में लगा है, दूसरी तरफ छात्र पुनः परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। इस बीच विरोधी दलों ने सरकार पर आक्रमण तेज कर दिया है, लेकिन पेपर लीक जैसे मुद्दे कभी भी राजनीतिक नहीं होते। ये बड़े अर्थों में सामाजिक मुद्दे भी होते है। पेपर लीक से निजात पाने के लिए हम सबको अपने अंदर झांककर खुद को सुधारते रहने होगा। आखिर पैसा देकर पेपर लीक कराने और लीक पेपर खरीदने वाले इसी समाज के लोग ही हैं। यह समय आरोप-प्रत्यारोप करने का नहीं। विकास के बड़े लक्ष्य पाने एवं देश के नव उत्थान का है। यह ठीक है कि नीट निरस्त होने से छात्रों और अभिभावकों के तनाव का क्षण लंबा हो गया, पर पुनः परीक्षा अयोग्य एवं भ्रष्ट शक्तियों के कब्जे की साजिश को रोकने की कोशिश है। यह वह प्रक्रिया है, जिससे गुजरकर ही नीट के प्रतिभागी छात्र एक नई सुबह तक पहुंच पाएंगे।

# क्या सोशल मीडिया के सहारे सत्ता परिवर्तन संभव है?

**आधुनिक दौर में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन और संचार का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि यह राजनीति और जनमत निर्माण की सबसे प्रभावशाली शक्तियों में से एक बन चुका है। आज किसी भी मुद्दे, आंदोलन या व्यक्ति को कुछ ही घंटों में लाखों लोगों तक पहुँचाया जा सकता है। यही कारण है कि कई बार सोशल मीडिया पर अचानक लोकप्रिय हुए संगठन और विचार वास्तविक राजनीति का हिस्सा बन जाते हैं। हाल ही में इंटरनेट पर चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी जैसे उदाहरणों ने यह बहस तेज कर दी है कि क्या केवल सोशल मीडिया की ताकत से कोई समूह सत्ता तक पहुँच सकता है। कई लोग इसकी तुलना नेपाल में हुए राजनीतिक बदलावों से भी करने लगे हैं। यह प्रश्न केवल एक पार्टी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आधुनिक लोकतंत्र और डिजिटल प्रभाव की नई वास्तविकता को समझने का विषय है।**

सोशल मीडिया ने राजनीति का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया है। पहले राजनीतिक दलों को जनता तक पहुँचने के लिए रैलियाँ, पोस्टर, अखबार और टीवी चैनलों पर निर्भर रहना पड़ता था। इसके लिए बहुत अधिक धन, संसाधन और समय की आवश्यकता होती थी। लेकिन आज एक मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति लाखों लोगों तक अपनी बात पहुँचा सकता है। इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म राजनीतिक प्रचार के सबसे बड़े साधन बन चुके हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी का तेजी से वायरल होना इसी बदलाव का उदाहरण माना जा सकता है। कुछ ही दिनों में इस नाम ने सोशल मीडिया पर इतनी चर्चा प्राप्त कर ली कि लोग इसके बारे में बात करने लगे। मीम्स, वीडियो, ट्रेंड और ऑनलाइन चर्चाओं ने इसे इंटरनेट संस्कृति का हिस्सा बना दिया। यह दिखाता है कि सोशल मीडिया किसी भी विचार या नाम को अचानक लोकप्रिय बना सकता है।



विशाल कल्याण

लेकिन यहाँ सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या वायरल लोकप्रियता वास्तव में राजनीतिक शक्ति में बदल सकती है?

इस प्रश्न का उत्तर समझने के लिए नेपाल के राजनीतिक इतिहास को देखना जरूरी है। नेपाल में सत्ता परिवर्तन केवल किसी ट्रेंड या सोशल मीडिया अभियान के कारण नहीं हुआ था। वहाँ वर्षों तक राजनीतिक अस्थिरता, राजशाही के खिलाफ जनआंदोलन, माओवादी संघर्ष और जनता के व्यापक असंतोष जैसी परिस्थितियाँ मौजूद थीं। लाखों लोग सड़कों पर उतरे, लंबे समय तक आंदोलन हुए और अंततः राजनीतिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया। यह परिवर्तन सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारणों का परिणाम था।

इसके विपरीत, आज कई संगठन या समूह केवल सोशल मीडिया की लोकप्रियता के कारण चर्चा में आ जाते हैं। इंटरनेट पर वायरल होना आसान हो गया है। यदि कोई वीडियो मनोरंजक, विवादित या भावनात्मक हो, तो वह तेजी से लोगों तक पहुँचता है। कई बार लोग बिना किसी गहरी जानकारी के केवल ट्रेंड का हिस्सा बन जाते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर प्रसिद्ध होना और वास्तविक राजनीति में सफल होना दो अलग बातें हैं। हालाँकि यह भी सच है कि सोशल मीडिया राजनीतिक बदलाव का मजबूत माध्यम बन सकता है। दुनिया के कई देशों में डिजिटल प्लेटफॉर्म ने आंदोलनों को गति दी है। अरब देशों में हुए अरब स्प्रिंग आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण हैं, जहाँ सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ने और सरकार के खिलाफ आवाज उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत में भी कई सामाजिक आंदोलनों को इंटरनेट से ताकत मिली है। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से लेकर नागरिक मुद्दों तक, सोशल मीडिया ने युवाओं को सक्रिय बनाया है।

लेकिन केवल ऑनलाइन समर्थन पर्याप्त नहीं होता। किसी भी राजनीतिक संगठन को सत्ता तक पहुँचने के लिए मजबूत जमीनी ढाँचे की आवश्यकता होती है। चुनाव जीतने के लिए केवल लाइक्स, शेयर और ट्रेंड्स काफी नहीं होते। इसके लिए कार्यकर्ता, संगठन, नेतृत्व, नीतियाँ और जनता का वास्तविक विश्वास जरूरी होता है। सोशल मीडिया ध्यान आकर्षित कर सकता है, लेकिन लोगों के जीवन से जुड़े मुद्दों का समाधान ही स्थायी समर्थन दिलाता है। कॉकरोच जनता पार्टी जैसे उदाहरण यह भी दिखाते हैं कि आज राजनीति और मनोरंजन के बीच की दूरी कम होती जा रही है। कई बार लोग राजनीतिक विचारधारा से ज्यादा मीम्स और वायरल कंटेंट से प्रभावित होते हैं। इससे लोकतांत्रिक चर्चा की गंभीरता कम हो सकती है। यदि राजनीति केवल ट्रेंड्स और मजाक तक सीमित हो जाए, तो समाज में सतही सोच बढ़ने लगती है। यह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। सोशल मीडिया का एक और महत्वपूर्ण पहलू उसका एल्गोरिद्म है। इंटरनेट प्लेटफॉर्म वही चीजें ज्यादा लोगों तक पहुँचाते हैं जो तेजी से वायरल होती हैं। इसका मतलब यह है कि विवादित, भावनात्मक और सनसनीखेज कंटेंट अधिक तेजी से फैलता है। यही कारण है कि कई बार गंभीर राजनीतिक मुद्दों की तुलना में मजाकिया या विवादित विषय ज्यादा चर्चा में आ जाते हैं। इससे जनता का ध्यान वास्तविक समस्याओं से हट सकता है। हालाँकि सोशल मीडिया को पूरी तरह नकारात्मक नहीं कहा जा सकता। यह आम लोगों को आवाज देता है। पहले जिन लोगों की बात मुख्यधारा मीडिया तक नहीं पहुँच पाती थी, आज वे सीधे जनता तक पहुँच सकते हैं। छोटे संगठन और नए राजनीतिक विचार भी अब बड़े मंच प्राप्त कर सकते हैं। यह लोकतंत्र को अधिक खुला और सहभागी बनाता है। लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है।

आज सबसे बड़ी आवश्यकता डिजिटल जागरूकता की है। लोगों को यह समझना होगा कि हर वायरल चीज़ महत्वपूर्ण नहीं होती और हर लोकप्रिय विचार सही नहीं होता। सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली जानकारी की सत्यता जाँचना आवश्यक है। कई बार फेक न्यूज और अफवाहें भी तेजी से फैलती हैं, जो समाज में भ्रम और तनाव पैदा कर सकती हैं।

यदि भविष्य में कोई नया संगठन केवल सोशल मीडिया के सहारे तेजी से लोकप्रिय हो जाए, तो उसका राजनीतिक प्रभाव संभव है। लेकिन सत्ता परिवर्तन जैसी बड़ी घटना के लिए केवल ऑनलाइन समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए व्यापक जनसमर्थन, मजबूत संगठन और जनता के वास्तविक मुद्दों पर काम करना जरूरी होगा। नेपाल जैसे परिवर्तन वर्षों के संघर्ष और जनआंदोलन का परिणाम थे, केवल डिजिटल प्रचार का नहीं।

इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि सोशल मीडिया आज राजनीति की दिशा बदलने की क्षमता रखता है। यह किसी भी व्यक्ति या संगठन को अचानक राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना सकता है।

कॉकरोच जनता पार्टी इसका प्रतीकात्मक उदाहरण बन चुकी है। लेकिन लोकतंत्र में स्थायी सफलता केवल वायरल लोकप्रियता से नहीं मिलती। जनता अंततः उन्हीं लोगों पर भरोसा करती है जो उनके जीवन से जुड़े वास्तविक मुद्दों को समझते और हल करने का प्रयास करते हैं। अंततः सोशल मीडिया आधुनिक राजनीति की सबसे बड़ी ताकत बन चुका है। यह प्रेरणा, जागरूकता और बदलाव का माध्यम भी बन सकता है और भ्रम, ट्रोलिंग तथा सतही राजनीति का कारण भी। यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि समाज और राजनीतिक शक्तियाँ इसका उपयोग किस प्रकार करती हैं। यदि सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी, जागरूकता और सकारात्मक सोच के साथ किया जाए, तो यह लोकतंत्र को मजबूत बना सकता है। लेकिन यदि यह केवल वायरल संस्कृति और भावनात्मक प्रचार तक सीमित रह जाए, तो राजनीति धीरे-धीरे वास्तविक मुद्दों से दूर होकर केवल डिजिटल प्रदर्शन बन सकती है।

**साभार**
**विशाल कल्याण**
**सहायक प्रोफेसर**
**महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी**
**सोलन**

# पेपर लीक के दौर में परीक्षा पे चर्चा के मायने

**भारत में शिक्षा को सदैव भविष्य निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण आधार माना गया है। हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी कठिन परिश्रम, त्याग और भविष्य निर्माण के सपनों के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं। माता-पिता अपनी वर्षों की कमाई बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं, शिक्षक अपने अनुभव और ज्ञान से विद्यार्थियों को तैयार करते हैं और विद्यार्थी दिन रात मेहनत कर यह विश्वास रखते हैं कि उनकी योग्यता ही उनकी सफलता का मार्ग बनेगी, लेकिन जब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र ही लीक होने लगे, तब शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास डगमगाने लगता है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रमों का औचित्य ही क्या रह जाता है? यदि स्वयं परीक्षाओं की विश्वसनीयता ही संकट में हो?**

परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों का तनाव कम करना, उन्हें प्रेरित करना और परीक्षा को उत्सव की तरह देखने की सीख देना है। यह विचार अपने आप में सकारात्मक और प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से बाहर निकालना, असफलता से लड़ना सिखाना और आत्मविश्वास बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन वर्तमान समय की वास्तविकता यह है कि आज विद्यार्थी केवल परीक्षा के तनाव से नहीं, बल्कि व्यवस्था की अव्यवस्था से



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

जूझ रहे हैं। जब मेहनत करने वाला छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस करता है और पेपर लीक की खबरें आम हो जाती हैं, तब उनके मन में भी यह सवाल उठना लाज़िमी है कि आखिर उनकी मेहनत का मूल्य क्या है?

हाल के वर्षों में अनेक राष्ट्रीय परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। चाहे वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा हो, शिक्षक भर्ती परीक्षा, पुलिस भर्ती हो या अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं-- बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने युवाओं के सपनों को बुरी तरह से तोड़ कर रख दिया है। लाखों छात्र वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ लोगों की भ्रष्ट मानसिकता और लालच पूरी प्रक्रिया को मज़ाक बना देते हैं। परीक्षा केंद्रों से लेकर कोचिंग, माफिया और दलालों तक फैला यह जाल केवल प्रश्न पत्र ही नहीं चुराता, बल्कि युवाओं का विश्वास, उनका आत्म बल और भविष्य भी छीन लेता है। सबसे दुखद स्थिति तब बनती है जब एक मेहनती छात्र अपने सामने ऐसे लोगों को सफल होते देखता है,जिन्होंने ईमानदारी से अधिक गलत रास्तों का सहारा लिया हो। यह केवल एक परीक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों की हार है। ऐसे माहौल में विद्यार्थियों के भीतर निराशा, और असुरक्षा का बढ़ना स्वाभाविक है।

परीक्षा पे चर्चा में विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और मेहनत करने की सलाह दी जाती है, लेकिन कोई भी विद्यार्थी तभी सकारात्मक रह सकता है जब उसे व्यवस्था पर भरोसा हो। यदि परीक्षा से पहले ही सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र घूमने लगें, और परीक्षा परिणाम महीनों तक अटक जाएं, तो विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन प्रभावित होना स्वाभाविक है। एक छात्र केवल किताबों से नहीं लड़ रहा होता, बल्कि वह असमानता, भ्रष्टाचार और अनिश्चितता से भी संघर्ष कर रहा होता है। यही कारण है कि कई युवा अवसाद, निराशा और अकेलेपन के शिकार हो जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं।

पेपर लीक की घटनाओं का सबसे गहरा प्रभाव गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ता है। एक किसान का बेटा, मजदूर की बेटी या छोटे शहर का विद्यार्थी सीमित संसाधनों में भी कठिन परिश्रम करता है और जब वह परीक्षा रद्द हो जाती है या दोबारा आयोजित होती है तो उसका आर्थिक और मानसिक बोझ कई गुना बढ़ जाता है। यात्रा का खर्च, कोचिंग की फीस, समय की बर्बादी और मानसिक तनाव--यह सब मिलकर कई युवाओं को भीतर से तोड़ देता है।

यदि वास्तव में परीक्षा पे चर्चा को सार्थक बनाना है, तो चर्चा केवल तनाव प्रबंधन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। चर्चा का विषय परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और समान अवसर भी होना चाहिए। हर स्तर पर जवाबदेही तय हो, तकनीक का सही उपयोग हो और दोषियों को त्वरित व कठोर दंड मिले, इस विषय पर भी चर्चा का होना अत्यावश्यक हो गया है। नीट प्रश्न पत्र लीक जैसी घटनाएं केवल प्रशासनिक विफलता नहीं ,बल्कि उन मासूम सपनों की हत्या है, जिन्हें देश का भविष्य कहा जाता है। भारत विश्व का सबसे युवा देश कहलाता है। यह युवा शक्ति तभी देश को आगे ले जा सकती है जब उसके भीतर व्यवस्था के प्रति विश्वास जीवित रहे। इसलिए आज आवश्यकता केवल परीक्षा पे चर्चा की नहीं, बल्कि परीक्षा व्यवस्था को बचाने की है। जब परीक्षाएं ही मज़ाक बन जाएं ,तब केवल विद्यार्थियों का भविष्य ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का भविष्य संकट में पड़ जाता है।

अंततः,परीक्षा पे चर्चा तभी सार्थक है जब परीक्षा स्वयं निष्पक्ष और पारदर्शी हो। यदि व्यवस्था युवाओं को न्याय नहीं दे सकती, तो प्रेरणादायक बातें भी खोखली प्रतीत होने लगती हैं। देश का युवा यह भरोसा चाहता है कि उसकी मेहनत की रक्षा हो उसके सपनों की कीमत हो और उसकी योग्यता को सम्मान मिले।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हिमाचल न्यूज
Website : www.prathamnews.in



## संक्षिप्त न्यूज

## निरंतर बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत परामर्श जारी

**सोलन ( बी. शर्मा )**– स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने निरंतर बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत परामर्श जारी किया है। यह परामर्श लोगों को स्वस्थ रखने एवं बचाव के उपाय अपनाने के लिए जारी किया गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए लोगों से आग्रह किया कि गर्मी के दृष्टिगत दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न जाएं तथा अनावश्यक शारीरिक श्रम करने से बचें। उन्होंने कहा कि बाहर जाने की स्थिति में सूती एवं पूरी बाजू के कपड़े पहनें तथा सिर ढक कर बाहर निकलें।

उन्होंने कहा कि बाहर जाते समय अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें और नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। उन्होंने कहा कि कॉफी एवं कोल्ड ड्रिंक के स्थान पर नींबू पानी, फलों का रस तथा नमक-चीनी के घोल का सेवन करें। इनके सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं होगी। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि लू लगने की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को तुरंत ठंडी जगह पर ले जाएं और उन्हें ओ.आर.एस. या नमक-चीनी का घोल दें तथा शरीर को ठंडा करने का प्रयास करें। आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित व्यक्ति को तुरंत समीप के स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए ले जाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि लू से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाएं एवं व्यवस्थाओं के साथ पूरी तरह सतर्क एवं तत्पर होकर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि एहतियाती उपाय अपनाकर शरीर में जल की कमी एवं लू लगने से बचाव किया जा सकता है।

## विकसित भारत के निर्माण में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताएं : जीतराम कटवाल

**बिलासपुर( जितेंद्र गौतम )**– झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता और मजबूती की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करना हर देशवासी का कर्तव्य है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के रूप में लोगों को विकसित भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का मौका मिला है। राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ विकास और जनसेवा की राजनीति को सर्वोपरि मानकर काम करने वाली भाजपा के समर्थित प्रत्याशियों को समर्थन देकर लोग विकसित भारत के संकल्प में अपनी आहुति डाल सकते हैं।

वीरवार को जीतराम कटवाल ने जिला परिषद के रोहल वार्ड से भाजपा समर्थित प्रत्याशी जरनैल सिंह चंदेल के समर्थन में बल्हसीणा, झबोला, दसलेहड़ा, घंडीर और मलांगण पंचायतों में नुक्कड सभाओं को संबोधित करने के साथ ही लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत पूरे विश्व में अपनी नई पहचान बना रहा है। केंद्र सरकार द्वारा गांव, गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए उठाए गए कारगर कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, गरीब कल्याण और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का उजाला पहुंचाना है।

जीतराम कटवाल ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पिछले 8 वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही कई बड़े पुलों का निर्माण किया गया। स्वास्थ्य तथा शिक्षा जैसी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को लाभांवित किया गया है। यह विकास किसी जाति, वर्ग या राजनीतिक विचारधारा को देखकर नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कई मूलभूत सुविधाओं की केवल कल्पना ही की जाती थी, लेकिन वर्तमान में वे हर गांव में पहुंच रही हैं। यह भाजपा सरकार की नीयत, नीति और नेतृत्व की ताकत से ही संभव हो पाया है। भाजपा ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है। आने वाले समय में भी क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि चुनाव में किसी के बहकावे में आने के बजाए वे ऐसे प्रतिनिधि चुनें, जो गांवों की आवाज को मजबूती से उठाने के साथ ही विकास कार्यों को भी गति दें। साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। सही प्रतिनिधि चुनने से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

## उपायुक्त ने दिलाई अधिकारियों व कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ

**बिलासपुर, 21 मई ( धर्मपाल )** आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर बचत भवन बिलासपुर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद एवं हिंसा के विरुद्ध शपथ दिलाई।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण करते हुए देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में विश्वास व्यक्त करते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने तथा समाज में शांति, सामाजिक सद्भाव एवं मानव मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर खतरा है और इसके विरुद्ध सभी नागरिकों को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से मानव जीवन मूल्यों की रक्षा तथा विघटनकारी शक्तियों के विरुद्ध सजग रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह, सहायक आयुक्त राज कुमार सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# शिमला पर्यटन सीजन में कूड़े के ढेरों में डूबा, कांग्रेस सरकार सफाई कर्मचारियों को निकालने में व्यस्त : कर्ण नंदा

### कोविड योद्धाओं का अपमान कर रही सुक्खू सरकार, शिमला में महामारी जैसे हालात बनने का खतरा : भाजपा

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( बी.शर्मा )

भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने शिमला नगर निगम में सफाई कर्मचारियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस सरकार और नगर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सुक्खू सरकार के कार्यकाल में हर वर्ग परेशान है और अब कांग्रेस ने कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर काम करने वाले कोविड योद्धाओं को भी सड़कों पर लाने का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा 41 कर्मचारियों को नौकरी से निकालना और 270 आउटसोर्स कर्मचारियों को बदलने का फैसला कांग्रेस सरकार की संवेदनहीन, तानाशाही और कर्मचारी विरोधी मानसिकता का खुला प्रमाण है। जिन कर्मचारियों ने महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना शिमला शहर को स्वच्छ रखने का कार्य किया, आज उन्हीं कर्मचारियों को अपमानित कर बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है।

कर्ण नंदा ने कहा कि पिछले छह दिनों से शिमला शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। शहर के कई क्षेत्रों में कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं, जिससे आम जनता और पर्यटक दोनों परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पर्यटन सीजन के दौरान पूरा शिमला गंदगी से अटा पड़ा है, लेकिन कांग्रेस सरकार समस्या का समाधान निकालने की बजाय कर्मचारियों पर दमनात्मक कार्रवाई करने में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि कूड़े के ढेरों में बंदर और आवारा कुत्ते घूम रहे हैं, जो कभी भी लोगों पर हमला कर सकते हैं। इसके साथ ही शहर में महामारी फैलने का भी गंभीर खतरा पैदा हो गया है। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सरकार ने इस मामले में संज्ञान नहीं लिया तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस सरकार संवाद और समाधान की राजनीति करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कर्मचारियों की जायज मांगों को सुनने और बातचीत करने की बजाय उन्हें डराने, दबाने और नौकरी से हटाने की राजनीति की जा रही है। नगर निगम प्रशासन अपनी नाकामी छिपाने के लिए कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब नगर निगम कूड़ा उठाने के बिलों में 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर सकता है तो वर्षों से शहर की सफाई व्यवस्था संभाल रहे कर्मचारियों के वेतन और सुविधाओं में वृद्धि क्यों नहीं की जा सकती। जब इस सोसाइटी की स्थापना हुई थी, उसी समय यह नीति बनाई गई थी कि समय-समय पर कर्मचारियों के वेतन और सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी, लेकिन कांग्रेस शासित नगर निगम अब उसी नीति से पीछे हट रहा है।

भाजपा मीडिया संयोजक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं की दलित विरोधी मानसिकता भी लगातार सामने आ रही है। कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जब भाजपा पार्षद और कर्मचारी महापौर कार्यालय पहुंचे तो उनके साथ किया गया व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान था। भाजपा इस प्रकार के अपमानजनक व्यवहार को किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पहले कर्मचारियों को झूठे आश्वासन देती है और बाद में उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर करती है। आज प्रदेश का कर्मचारी, युवा, किसान, व्यापारी और आम जनता हर वर्ग कांग्रेस सरकार से परेशान है। शिमला की बदहाल सफाई व्यवस्था सुक्खू सरकार की प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है।

कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा कर्मचारियों, दलित समाज और आम जनता के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न तुरंत बंद किया जाए, उनकी जायज मांगों को माना जाए और शिमला शहर को गंदगी और महामारी के खतरे से बचाने के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाए जाएं।




## सर्किट हाउस हमीरपुर की डॉरमीटरी के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**हमीरपुर, ( बी. शर्मा )**– लोक निर्माण विभाग के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि प्रदेश सरकार ने 20 मई, 2026 से सर्किट हाउस हमीरपुर स्थित 21 बैड वाली डॉरमीटरी को एचपीपीडब्ल्यूडी ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म में सम्मिलित कर दिया है। इस सुविधा के लिए हिमाचली निवासियों से प्रति बैड 100 रुपये तथा गैर हिमाचली निवासियों के लिए प्रति बैड 200 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के शुरू होने से प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अन्य शैक्षणिक उद्देश्य से आने वाले विद्यार्थी विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। विद्यार्थी हिम अतिथि होटल के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर ठहरने के लिए सस्ती एवं सुविधाजनक आवासीय सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि लोगों और पर्यटकों को मई, 2025 से 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के आधार पर विश्राम गृहों की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा मिल रही है। यह पहल सरकारी आवासीय सुविधाओं को आमजन के लिए अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस सुविधा के शुरू होने से पर्यटकों, आमजन तथा विद्यार्थियों के लिए विश्राम गृहों एवं सर्किट हाउसिज की उपलब्धता एवं पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस पहल के परिणामस्वरूप इन सुविधाओं की अधिभोग दर (अक्यूपेंसी रेट) तथा सरकारी राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई है।

प्रदेश सरकार राज्य में डिजिटल नवाचारों के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं जन सुविधाओं में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( बी.शर्मा )

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक में आयोजित आतंकवाद विरोधी दिवस कार्यक्रम में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में आतंकवाद के विरूद्ध लड़ते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपने दो प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को खोया है।

राजीव गांधी के अतुलनीय योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान देश में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के युग का सूत्रपात किया। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्थाओं और स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण भी प्रदान किया। इस अवसर पर शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम, हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष विशाल चंबियाल, उप-महापौर उमा कौशल, पार्षदगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।



# द सोल कलेक्शन प्रदर्शनी में झलकी हिमाचली संस्कृति और कला की आत्मा : कर्ण नंदा

### युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच बन रही हैं कला प्रदर्शनी : भाजपा

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( बी.शर्मा )

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर के टैवर्न हॉल में आयोजित द सोल कलेक्शन पेंटिंग प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर भाजपा हिमाचल प्रदेश के मीडिया संयोजक कर्ण नंदा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक कमलजीत सूद, रमा ठाकुर, सुदीप महाजन, संजय कलिया, संजीव सूद एवं श्याम शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में कलाकार जितेन्द्र चौहान द्वारा बनाई गई हिमाचली संस्कृति, आध्यात्मिकता, प्रकृति और सामाजिक जीवन पर आधारित आकर्षक पेंटिंग्स प्रदर्शित की गईं। रंगों और भावनाओं से सजी इन कलाकृतियों ने उपस्थित कला प्रेमियों को विशेष रूप से आकर्षित किया और दर्शकों ने कलाकार की रचनात्मकता की मुक्त कंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि कर्ण नंदा ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की संस्कृति, लोकजीवन और प्रकृति को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत करना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कलाकार जितेन्द्र चौहान को इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में हिमाचल में कला, संस्कृति और साहित्य से जुड़े ऐसे कार्यक्रम और अधिक आयोजित होंगे, जिससे प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। कर्ण नंदा ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में कला और संस्कृति को संरक्षित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन न केवल कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। प्रदर्शनी के संयोजक जितेन्द्र चौहान ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, कलाकारों और कला प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि द सोल कलेक्शन प्रदर्शनी का उद्देश्य हिमाचल की संस्कृति, आध्यात्मिकता और सामाजिक जीवन को कला के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना है।

यह प्रदर्शनी 21 मई से 23 मई तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, जहां कला प्रेमी विभिन्न विषयों पर आधारित अनूठी पेंटिंग्स का अवलोकन कर सकेंगे।





# सात दिन बाद खत्म हुई SEHB कर्मियों की हड़ताल, निगम प्रशासन से हुआ लिखित समझौता

### वेतन बहाली और कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति पर बनी सहमति, SEHB यूनियन ने समाप्त की हड़ताल

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( एएम नाथ )

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन से सम्बद्ध स्श्व ।।क्क सोसाइटी वर्कर्स यूनियन की विभिन्न मांगों को लेकर चल रही हड़ताल सात दिन बाद समाप्त हो गई। नगर निगम शिमला के महापौर और उप महापौर के साथ हुई लिखित समझौता वार्ता के बाद यूनियन ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा की।

समझौता वार्ता में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंदर मेहरा , राज्य सचिव बालक राम, जिला सचिव विवेक कश्यप, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश, सलाहकार पाला राम, उपाध्यक्ष अमित भाटिया, कोषाध्यक्ष नरेश ठाकुर, सचिव राहुल सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

लिखित समझौते के अनुसार कर्मचारियों के 10 प्रतिशत वेतन की बहाली तथा इसे सभी कर्मियों पर लागू करने पर सहमति बनी। इसके अलावा 4-9-14 पे-स्केल का लाभ सभी पात्र कर्मचारियों को देने, 15 दिन की स्पेशल लीव बहाल करने तथा नौकरी से निकाले गए 41 स्श्व ।।क्क कर्मियों को पुन: बहाल करने पर भी निगम प्रशासन और यूनियन के बीच सहमति बनी।

यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता और संघर्ष के चलते निगम प्रशासन को उनकी मांगें माननी पड़ीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि समझौते के सभी बिंदुओं को जल्द लागू किया जाएगा ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके। वहीं, हड़ताल समाप्त होने से नगर निगम शिमला के विभिन्न कार्यों के सामान्य होने की संभावना बढ़ गई है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ठियोग में जाँची चुनावी तैयारियां

» प्रथम न्यूज । शिमला
21 मई ( बी.शर्मा )

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने ठियोग खंड में पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदान दलों की आवाजाही हेतु ब्लॉक स्तर पर वाहनों एवं बसों की व्यवस्था, पोलिंग कर्मियों के लिए बोर्डिंग एवं लॉजिंग सुविधाएं, चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के भुगतान एवं बिलों के निपटान जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उपमंडलाधिकारियों (नागरिक) द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिषद उम्मीदवारों के व्यय की निगरानी तथा कैंडिडेट एक्सपेंडिचर रिपोर्टिंग सिस्टम (ष्टश्वक्रस्) के माध्यम से खर्चों की मॉनिटरिंग पर भी विचार-विमर्श किया गया। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतगणना केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं वेबकास्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मतदान एवं मतगणना केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, रिजर्व एवं स्टैंडबाय वाहनों की तैनाती तथा मतगणना प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पंचायत पदाधिकारियों के सत्यापित विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करवाने के निर्देश भी जारी किए गए।

बैठक में संबंधित अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, बेब कास्टिंग और वीडियो ग्राफी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने कहा कि पंचायती राज चुनाव पूर्ण रूप से पारदर्शी करवाएं जाएंगे। चुनावी ड्यूटी में तैनात सभी कर्मी ईमानदारी से कार्य कर रहे है। चुनावी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं होगी। इस मौके पर एसडीएम ठियोग डा शशांक गुप्ता, डीएसपी सिद्धार्थ शर्मा, खंड विकास अधिकारी नरेश चंद सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



# चेन्नई सुपर किंग्स का सफर हुआ समाप्त

## गुजरात ने जाते-जाते दे दिया गहरा जख्म

शुभमन गिल और साई सुदर्शन की शानदार बल्लेबाजी के बाद गुजरात के गेंदबाजों ने कमाल करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को हरा दिया है। इसी के साथ गुजरात के 18 अंक हो गए हैं और टॉप-2 में जगह बनाने के लिए प्रबल दावेदारी पेश की है। जीटी ने चेन्नई को 89 रनों से मात दी, जो सीएसके की रनों के लिहाज ने आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़ी हार है।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229 रनों का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में चेन्नई की टीम 140 रनों पर सिमट गई और उन्हें मुकाबले में 89 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ सीएसके का प्लेऑफ का सफर भी समाप्त हो गया है।

### गुजरात ने बनाए थे 229 रन

गुजरात टाइटंस ने एक बार फिर सफल बल्लेबाजी शैली का शानदार नमूना पेश करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध मुकाबले में चार विकेट पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल (64), साई सुदर्शन (84) और जोस बटलर (57*) की अर्धशतकीय पारियों ने चेन्नई के गेंदबाजों को पूरी तरह बेबस कर दिया।

गुजरात की बल्लेबाजी पिछले दो सत्रों से जिस फॉर्मूले पर चल रही है, उसी का असर इस मुकाबले में भी देखने को मिला। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने एक बार फिर अधिकांश रन बनाकर टीम के लिए मजबूत नींव तैयार की। शुभमन गिल ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया, जबकि साई सुदर्शन ने शुरुआती ओवरों में संयम दिखाते हुए उनका साथ निभाया।

### पावरप्ले के बाद खेले बड़े शॉट्स

पावरप्ले खत्म होते ही दोनों बल्लेबाजों ने गियर बदल दिया और मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट्स खेलने शुरू कर दिए। दोनों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए और पहले विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी कर डाली।

यह आईपीएल इतिहास में गिल और सुदर्शन की सातवीं शतकीय साझेदारी रही, जिससे उन्होंने डेविड वॉर्नर-शिखर धवन और ट्रेविस हेड-अभिषेक शर्मा की जोड़ी को पीछे छोड़ दिया।



कप्तान गिल ने केवल 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन के विरुद्ध गिल ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने कट, स्ट्रेट ड्राइव और क्रीज का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए कई आकर्षक चौके लगाए। पावरप्ले में गुजरात ने बिना विकेट खोए 62 रन बना लिए थे। इसके बाद जब चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद को गेंदबाजी पर लगाया तो गिल ने उन्हें भी नहीं बख्शा और लगातार दो छक्के जड़ दिए।

**गिल और सुदर्शन के बीच शतकीय साझेदारी** - 10 ओवर में गुजरात का स्कोर बिना विकेट के 111 रन पहुंच चुका था। गिल के आउट होने के बाद भी गुजरात की रफ्तार धीमी नहीं हुई। साई सुदर्शन और जोस बटलर ने मोर्चा संभालते हुए चेन्नई के गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें कम जोखिम के साथ बेहतरीन टाइमिंग देखने को मिली। यह उनका लगातार पांचवां अर्धशतक रहा।

पारी के अंतिम ओवरों में सुदर्शन ने अंशुल कंबोज की लो फुलटॉस गेंद पर प्वाइंट के ऊपर से शानदार छक्का जड़कर दर्शकों का मनोरंजन किया। दूसरी ओर बटलर भी पूरी लय में नजर आए। उन्होंने 27 गेंदों में अविजित 57 रन बनाए और चार छक्के लगाए, जिनमें दो नूर अहमद के विरुद्ध आए।

चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज पूरे मैच में संघर्ष करते नजर आए। स्पेंसर जॉनसन की लाइन-लेंथ खराब रही, जबकि नूर अहमद और अन्य गेंदबाज भी गुजरात के बल्लेबाजों पर कोई दबाव नहीं बना सके।

चेन्नई की खराब शुरुआत

230 रनों के जवाब में चेन्नई की शुरुआत खराब रही। टीम ने पहली गेंद पर संजू सैमसन के रूप में पहला विकेट गंवा दिया, जो इस सीजन शानदार फॉर्म में थे। इसके अलावा कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ का भी बल्ला नहीं चला और वे 16 रन बनाकर आउट हो गए। गुजरात के गेंदबाजों ने कहर बरपाती गेंदबाजी की और चेन्नई ने 63 रनों पर 5 विकेट गंवा दिए थे।

### शिवम दुबे भी नहीं दिला सके जीत

शिवम दुबे का आईपीएल 2026 कुछ खास नहीं रहा है। वे बल्ले से फ्लॉप रहे हैं। इस मुकाबले में उन्होंने बल्लेबाजी से सीएसके के लिए उम्मीद जगाई लेकिन 47 रन बनाकर आउट हो गए। उनकी पारी पर राशिद खान ने विराम लगाया। चेन्नई के लिए दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर मैथ्यू शॉर्ट रहे, जिन्होंने 24 रन बनाए।

### गुजरात ने जीता मुकाबला

गुजरात के गेंदबाजों ने मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की। सीएसके की पूरी टीम 13.4 ओवरों में 140 रनों पर सिमट गई। इसी के साथ उन्हें 89 रनों से हार का सामना करना पड़ा। जीटी के लिए राशिद खान, कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। चेन्नई की ये आईपीएल के इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार है।

# मुंबई इंडियंस को हार्दिक पांड्या से अलग होने की सलाह, ट्रेड का सुझाव भी दिया

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

21 मई ( ब्यूरो )

मुंबई इंडियंस (MI) के कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। 2024 में रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभालने के बाद से हार्दिक का प्रदर्शन लगातार सवालों के घेरे में रहा है। टीम के नतीजों में भी अपेक्षित सुधार नहीं दिखा है, जिससे फ्रेंचाइज़ी की रणनीति पर बहस शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार, 2024 सीज़न में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे रही।

इसके बाद 2026 के IPL सीज़न में भी टीम का प्रदर्शन कमजोर रहा और वह नौवें स्थान पर रही। इन लगातार निराशाजनक परिणामों ने टीम प्रबंधन और कप्तानी फैसलों पर दबाव बढ़ा दिया है।




इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान Michael Vaughan ने मुंबई इंडियंस को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि टीम को हार्दिक पांड्या के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहिए और उन्हें रिलीज़ या ट्रेड कर देना चाहिए। एक इंटरव्यू में Michael Vaughan ने कहा कि उन्होंने कई टीमों और खिलाड़ियों के साथ काम करने के तरीकों को देखा है, और उनके अनुसार मुंबई इंडियंस को अब नए विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि हार्दिक पांड्या का गुजरात टाइटंस में प्रदर्शन बेहतर रहा था, जहाँ उन्होंने टीम को खिताब भी दिलाया था। वॉन ने सुझाव दिया कि मुंबई इंडियंस के टीम संयोजन में अधिक हस्तक्षेप हो रहा है, जिसका असर प्रदर्शन पर पड़ रहा है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि टीम को एक शेफ को हटाने की जरूरत है, ताकि ड्रेसिंग रूम में संतुलन वापस आ सके। इसके साथ ही वॉन ने एक संभावित ट्रेड विकल्प भी सुझाया। उन्होंने कहा कि मुंबई इंडियंस हार्दिक पांड्या के बदले ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल करने पर विचार कर सकती है, जिससे टीम को नया संतुलन मिल सकता है।

मुंबई इंडियंस की मौजूदा स्थिति और कप्तानी को लेकर यह बयान ऐसे समय आया है जब फ्रेंचाइज़ी के भविष्य की रणनीति पर पहले से ही चर्चा चल रही है। टीम प्रबंधन अब आने वाले ऑक्शन और ट्रेड विंडो में बड़े फैसले ले सकता है, जो अगले सीज़न की दिशा तय करेंगे।

# KKR के खिलाफ आसान कैच छोड़ने के बाद हार्दिक पांड्या ने MI साथियों के लिए बजाई ताली

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

21 मई ( ब्यूरो )

कप्तान हार्दिक पांड्या के लिए मशहूर ईडन गार्डन्स में यह रात भुला देने वाली रही, क्योंकि मुंबई चार विकेट से हार गई।

हार के बाद हार्दिक को आलोचना का सामना करना पड़ा, जैसा कि उम्मीद थी, क्योंकि टीम उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।

मैच के दौरान, हार्दिक को अपने साथियों का मज़ाक उड़ाते हुए भी देखा गया, जो किसी को भी अच्छा नहीं लगा। KKR के लक्ष्य का पीछा करने के 10वें ओवर के दौरान, हार्दिक ने एक बैक-ऑफ-ए-लेंथ गेंद डाली, जिस पर रोवमैन पॉवेल ने टॉप-एज लगाया।

ऐसा लग रहा था कि कैच आसानी से लपक लिया जाएगा, लेकिन दीपक चाहर और रॉबिन मिन्ज़ के बीच कुछ




गलतफहमी के कारण, किसी ने भी कैच लेने की कोशिश नहीं की। जब कैच नहीं लिया गया, तो हार्दिक ने ताली बजाई, जो ज़्यादातर व्यंग्य के तौर पर लग रही थी।

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए, प्लेऑफ़ से बाहर हो चुकी MI ने किसी तरह 147/8 का स्कोर बनाया। 6वें ओवर तक उनका स्कोर 41/4 था, जिसके बाद हार्दिक पांड्या (26) और तिलक वर्मा (20) ने 49 गेंदों में 43 रन जोड़कर पारी को संभाला।

इसके बाद कॉर्बिन बॉश के 18 गेंदों में बनाए गए नाबाद 32 रनों की मदद से MI 150 के करीब पहुँच गई। KKR की तरफ़ से विकेट सौरभ दुबे (2/34), कैमरन ग्रीन (2/23), कार्तिक त्यागी (2/37) और सुनील नरेन (1/13) ने आपस में बाँटे।

148 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, मनीष पांडे के 45 और रोवमैन पॉवेल के 40 रनों की बदौलत KKR ने 64 रन जोड़े और जीत की राह पर बनी रही। रिंकू सिंह ने विजयी रन बनाए और 9* रनों पर नाबाद रहे।

संक्षिप्त स्कोर- मुंबई इंडियंस 20 ओवरों में 147/8 (कॉर्बिन बॉश 32 नाबाद, हार्दिक पांड्या 26; कैमरन ग्रीन 2-23, सौरभ दुबे 2-34) कोलकाता नाइट राइडर्स से 18.5 ओवरों में 148/6 (मनीष पांडे 45, रोवमैन पॉवेल 40; कॉर्बिन बॉश 3-40) से चार विकेट से हार गई। मुंबई अपना आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच राजस्थान के खिलाफ खेलेगी। और वे इसे जीतना चाहेंगे और शानदार अंदाज़ में विदाई लेना चाहेंगे।

# भारत की प्लेइंग इलेवन में शामिल हो सकते हैं ये खिलाड़ी, 2 खिलाड़ियों का डेब्यू

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

21 मई ( ब्यूरो )

भारतीय क्रिकेट टीम ने भले ही वनडे और टी20 फॉर्मेट में कमाल प्रदर्शन किया हो लेकिन इस टीम ने टेस्ट क्रिकेट में सभी को निराश किया है. टीम इंडिया अपने घर पर न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज हार चुकी है और अब इस टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ एकलौता टेस्ट मैच खेलना है. इस टेस्ट मैच का आगाज 4 जून से मुल्लांपुर में होगा. इस टेस्ट मैच के लिए 15 खिलाड़ियों का सेलेक्शन हो गया है, अब यहां सवाल ये है कि किन 11 खिलाड़ियों को इस टेस्ट में खेलना का मौका मिलेगा. आइए डालते हैं उन 11 खिलाड़ियों पर नजर जो इस टेस्ट में खेल सकते हैं.

### केएल राहुल खेलेंगे

केएल राहुल अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में खेल सकते हैं. ये खिलाड़ी अब बतौर ओपनर मैदान पर उतरता है और साल 2025 में उन्होंने 10 मैचों में 813 रन बनाए और उनका औसत 45 का है. वो 3 शतक और 3 अर्धशतक लगा चुके हैं. अब केएल राहुल उपकप्तान भी बन गए हैं.

### यशस्वी जायसवाल

बाएं हाथ के इस ओपनर को भी अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलने का मौका मिलेगा. ये खिलाड़ी 26 टेस्ट में 2511 रन बना




चुका है और उनका टेस्ट औसत लगभग 50 का है. हालांकि जायसवाल के प्रदर्शन में पिछले साल गिरावत देखी गई और उनकी एवरेज 39 की रही. वो अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी लय पाना चाहेंगे.

### पडिक्कल या सुदर्शन?

आईपीएल 2026 और घरेलू क्रिकेट में कमाल प्रदर्शन कर रहे देवदत्त पडिक्कल भी अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में खेल सकते हैं. ये खिलाड़ी नंबर 3 पर नजर आ सकता है. वैसे टीम में साई सुदर्शन भी हैं लेकिन इस खिलाड़ी को मौका मिलना मुश्किल है क्योंकि सुदर्शन ने 6 मैचों में 27 की औसत से 302 रन ही बनाए. पडिक्कल की बात करें तो उन्होंने रणजी ट्रॉफी में इस साल 60 की औसत से 543 रन बनाए.

### शुभमन गिल

कप्तान शुभमन गिल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी. इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड सीरीज में 700 रन बनाए थे. पिछले एक साल में गिल का टेस्ट औसत 70 का है और वो इस दौरान 5 शतक और एक अर्धशतक लगा चुके हैं.

### पंत और जुरेल दोनों खेलेंगे?

ऋषभ पंत को उपकप्तानी से हटा दिया गया लेकिन इस खिलाड़ी की प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की है. पिछले साल इस खिलाड़ी ने 49 की औसत से 600 से ज्यादा रन बनाए. साथ ही उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी रही. हालांकि पंत का आईपीएल 2026 में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा. पंत खेलेंगे तो ध्रुव जुरेल भी बतौर बल्लेबाज प्लेइंग इलेवन में दिख सकते हैं. जुरेल ने अबतक 459 टेस्ट रन बनाए हैं जिसमें से 296 रन उन्होंने स्पिनर्स के खिलाफ बनाए हैं.

### वॉशिंगटन सुंदर-नीतीश रेड्डी भी आएंगे नजर

अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश रेड्डी बतौर ऑलराउंडर नजर आ सकते हैं. सुंदर अपनी फिरकी और अपनी बल्लेबाजी की वजह से टीम के काफी काम आ सकते हैं. वहीं नीतीश रेड्डी टीम इंडिया को अच्छी बैटिंग के अलावा एक मीडियम पेसर ऑलराउंडर का विकल्प देते हैं.

### 2 खिलाड़ियों का डेब्यू संभव!

टीम इंडिया 2 खिलाड़ियों को डेब्यू करा सकती है. लेफ्ट आर्म स्पिनर मानव सुथार को मौका दिया जा सकता है. टेस्ट टीम में जडेजा नहीं हैं, उन्हें आराम दिया गया है इसलिए मानव सुथार को उतारा जा सकता है. वो बैटिंग भी कर लेते हैं. सुथार के अलावा गुरनूर बराड़ भी डेब्यू कर सकते हैं. 6 फीट 5 इंच लंबा इस खिलाड़ी को रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में 60 विकेट लेने वाले आकिब नबी पर तरजीह दी गई. अब बराड़ का अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू हो सकता है. टीम इंडिया दूसरे तेज गेंदबाज के तौर पर प्रसिद्ध कृष्णा को उतार सकती है. ये खिलाड़ी 6 टेस्ट में 22 विकेट ले चुका है.

# हार्दिक पंड्या पर हुई कार्रवाई, BCCI ने इस वजह से लिया एक्शन

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

21 मई ( ब्यूरो )

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को दोहरी मार का सामना करना पड़ा है. उनकी कप्तानी में टीम को तो हार मिली ही. उसके अलावा मैच के दौरान की एक बड़ी गलती के चलते उन्हें BCCI की कार्रवाई भी झेलनी पड़ी. मुंबई इंडियंस के कप्तान पर BCCI ने सजा के तौर पर जुर्माना लगाया है, जिसके तहत उनकी मैच फीस में 10 प्रतिशत की कटौती की गई है.

### हार्दिक पंड्या पर क्यों लगा जुर्माना

अब सवाल है कि हार्दिक पंड्या से गलती हुई कब और उन पर कितना जुर्माना लगा हार्दिक पंड्या पर हुई कार्रवाई से जुड़ा मामला कोलकाता नाइट राइडर्स की इनिंग के 10वें ओवर का है.

इस ओवर की चौथी गेंद पर अपने रन-अप की ओर लौटते हुए हार्दिक पंड्या ने विकेट पर लगी बेल्स को गिराकर अपना आक्रोश जताया था. हार्दिक पंड्या पर इसी गलती के लिए जुर्माना लगा है.



### हार्दिक पंड्या ने मानी अपनी गलती

मैच के दौरान अपनी हरकत के लिए हार्दिक पंड्या IPL के कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.2 के तहत दोषी पाए गए हैं. उन्होंने मैच रेफरी राजीव सेठ के सामने अपनी गलती स्वीकार की, जिसके बाद इस मामले में अब आगे किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं है.

**KKR के खिलाफ हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन:** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार्दिक पंड्या अपनी टीम के दूसरे टॉप स्कोरर रहे. हालांकि, उनकी इनिंग बेहद धीमी रही. उन्होंने 27 गेंदों का सामना कर सिर्फ 26 रन बनाए, जिसमें 1 छक्का और 2 चौके शामिल रहे. पंड्या ने KKR के खिलाफ 2 ओवर में 13 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला.

**IPL 2026 में हार्दिक पंड्या का परफॉर्मेंस:** कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार्दिक पंड्या ने IPL 2026 में अपना 9वां मैच खेला. इन 9 मुकाबलों में उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को सिर्फ 2 में ही जीत मिल सकी. इन 9 मैचों में हार्दिक पंड्या के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 172 रन बनाने के अलावा गेंद से 4 विकेट चटकाए हैं.

# विराट-रोहित को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से ड्रॉप करना चाहते थे सेलेक्टर्स? यू-टर्न लेने की वजह का हुआ खुलासा

दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का वर्ल्ड कप 2027 में खेलना कंफर्म नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ 14 जून से शुरू हो रही वनडे सीरीज से दोनों दिग्गजों को आराम दिया जा सकता था। हालांकि, चयनकर्ताओं ने अपने फैसले पर विचार किया और उन्हें चुनने का फैसला किया। विश्व कप से पहले दोनों खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर कुछ भी निश्चित नहीं है।

विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2025 के अंत में खेली गई वनडे सीरीज में 2 शतक और एक अर्धशतक लगाया था। इसके अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ भी उनके बल्ले से एक सेंचुरी और एक फिफ्टी निकली थी। हालांकि, रोहित का इन दोनों सीरीज के दौरान प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और मात्र एक अर्धशतक लगा सके थे। कोहली के ऐसे प्रदर्शन के बावजूद भी चयनकर्ता उनके विकल्प पर विचार कर रहे थे लेकिन बाद में फैसला बदल लिया।

### रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम देने पर था विचार

रोहित और विराट इस समय आईपीएल 2026 में खेल रहे हैं। शर्मा को टूर्नामेंट के दौरान चोट का सामना करना पड़ा था और वे कुछ मुकाबले नहीं खेल सके थे। दूसरी तरफ कोहली ने सभी मैचों में शिरकत की है और शानदार खेल दिखाया है।



उनके लगातार मैच में भागीदारी को देखते हुए चयन समिति आराम देने पर विचार कर रही थी। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक ये फैसला वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए लिया जा रहा था।

रोहित और कोहली को लेकर चयनकर्ताओं ने अपना विचार बाद में बदल लिया। इसका कारण ये रहा कि दोनों अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट खेल रहे हैं। दोनों की जगह युवा खिलाड़ियों को मौका देने की चर्चा थी लेकिन फिर इंटरनेशनल क्रिकेट में एक फॉर्मेट खेलने की वजह से निरंतरता बनाए रखने के लिए मौका दिया गया।

### अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज

अफगानिस्तान की टीम भारत दौरे पर अगले महीने आएगी, जहां एकमात्र टेस्ट मैच और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। टेस्ट मैच 6 जून से खेला जाएगा। इसके बाद वनडे सीरीज की शुरुआत 14 जून से होने वाली है। इस सीरीज में रोहित और विराट खेलते हुए दिखाई देंगे लेकिन रोहित की फिटनेस बड़ी समस्या बनी हुई है।

प्रथम न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय
Website : www.prathamnews.in

## एक नज़र



### गुरेज घाटी में मई में दुर्लभ बर्फबारी, तापमान में अचानक गिरावट; सर्दियों जैसा माहौल

**जम्मू ( ब्यूरो )**– उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले की गुरेज घाटी के ऊपरी इलाकों में गुरुवार को ताजा बर्फबारी हुई। यह घटना तापमान में अचानक आई तीव्र गिरावट के कारण दर्ज की गई। मई के दूसरे पखवाड़े में हुई इस दुर्लभ बर्फबारी ने सीमावर्ती क्षेत्र में सर्दियों जैसा माहौल लौटा दिया है। यह बर्फबारी आमतौर पर मई के महीने में बिल्कुल भी नहीं देखी जाती है। इसलिए इसे एक अत्यंत असामान्य और अप्रत्याशित मौसमी घटना माना जा रहा है। गुरेज़ घाटी के ऊंचे और दुर्गम ऊपरी क्षेत्रों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। गुरुवार को दिनभर रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बर्फबारी जारी रही। इसने पूरे इलाके को अचानक बहुत ठंडा कर दिया है। स्थानीय निवासियों को अचानक बढ़ी हुई ठंड का सामना करना पड़ा है। मई के मध्य में ऐसी बर्फबारी ने स्थानीय लोगों को काफी हैरान कर दिया है। यह घटना क्षेत्र की जलवायु में हो रहे अप्रत्याशित और बड़े बदलाव का स्पष्ट संकेत देती है।

**असामान्य मौसमी बदलाव:** मई का महीना सामान्यत: घाटी में गर्म मौसम की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लेकिन इस बार तापमान में अप्रत्याशित और तीव्र गिरावट दर्ज की गई है। इस अचानक हुई गिरावट के कारण ही गुरेज़ घाटी के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई। यह मौसमी बदलाव स्थानीय पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर गहरा प्रभाव डाल सकता है।

**बांदीपोरा में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त:** इससे पहले, जम्मू और कश्मीर के बांदीपोरा जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। बीती रात हुई तेज बारिश के कारण दारुल उलूम रहिमिया के निकट श्रीनगर-बांदीपोरा नेशनल हाईवे की सड़क को गंभीर नुकसान पहुंचा है, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया है। इस घटना ने स्थानीय लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।

### पाकिस्तान से रची गई थी पूरी साजिशज्आतंकी सैफुल्लाह दे रहा था निर्देश, पहलगाम हमले पर NIA की चार्जशीट में खुलासा



**नई दिल्ली ( ब्यूरो ):** अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने अहम चार्जशीट दायर की है। इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। जांच में स्पष्ट हुआ है कि इस हमले की पूरी साजिश पाकिस्तान से रची और संचालित की गई थी। NIA के मुताबिक, हमले को लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और उसके प्रॉक्सी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (TRF) ने अंजाम दिया। जांच एजेंसी ने कहा कि पूरे ऑपरेशन को सीमा पार से नियंत्रित किया जा रहा था। चार्जशीट के अनुसार, लश्कर का आतंकी सैफुल्लाह उर्फ साजिद जट्ट उर्फ 'लंगड़ा' इस हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। वह पाकिस्तान के लाहौर से आतंकियों को सीधे निर्देश दे रहा था। NIA ने बताया कि 15 और 16 अप्रैल को सैफुल्लाह ने तीन आतंकियों – फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ छोटू और हमजा अफगानी – को बैसरन घाटी में भेजा था। वहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटकों की गतिविधियों की रेकी की। जांच में यह भी सामने आया कि परवेज और बशीर अहमद नामक दो स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी आतंकियों को मदद पहुंचाई थी। जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए आतंकियों ने फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन का दावा करते हुए यह झूठ फैलाने की कोशिश की कि हमला भारत ने खुद करवाया है। हमले के तुरंत बाद TRF ने 'कश्मीर फाइट' नामक टेलीग्राम चैनल पर इसकी जिम्मेदारी ली थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की कड़ी निंदा के बाद संगठन ने बयान बदलते हुए दावा किया कि चैनल हैक हो गया था। NIA के अनुसार, 'कश्मीर फाइट' टेलीग्राम चैनल पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के बट्टाग्राम इलाके से संचालित हो रहा था। 'TheResistanceFront_OfFcial' नामक दूसरा चैनल रावलपिंडी से चलाया जा रहा था। चार्जशीट में कई डिजिटल और तकनीकी सबूत पेश किए गए हैं, जो सीधे पाकिस्तान की भूमिका की ओर इशारा करते हैं।

'ऑपरेशन महादेव' में मारे गए आतंकियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। इनमें से एक फोन लाहौर के 'कायद-ए-आजम इंडस्ट्रियल एस्टेट' भेजा गया था, जबकि दूसरा कराची के 'शाहरा' इलाके से खरीदा गया था। हमले वाले दिन सैफुल्लाह लगातार आतंकियों के संपर्क में था और उन्हें रियल-टाइम लोकेशन, भागने के रास्ते, छिपने की जगहों और अन्य जरूरी निर्देश भेज रहा था।

### पहली पत्नी ने की दूसरी शादी, तो बौखलाए पति ने घर को फूंका, एक की दर्दनाक मौत



**पटना ( ब्यूरो ):** पटना सिटी के चौक थाना इलाके की राजाराम गली में बुधवार को अचानक चीख-पुकार मच गई. लोगों ने देखा कि एक घर से धुआं और आग की लपटें निकल रही हैं. कुछ ही देर में पूरा इलाका अफरा-तफरी में बदल गया. घर के अंदर लोग फंसे हुए थे. कोई खिड़की से मदद मांग रहा था... कोई बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था. स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची. किसी तरह आग में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया. कुल पांच लोग इस आग में बुरी तरह झुलस गए. सभी को आनन-फानन में पटना के NMCH अस्पताल पहुंचाया गया. लेकिन इलाज के दौरान घर के एक सदस्य की मौत हो गई. शुरुआत में मामला सामान्य आग लगने की घटना का लग रहा था. लेकिन फिर कहानी में ऐसा ट्विस्ट आया, जिसने सबको चौंका दिया. महिला के वर्तमान पति गोबिंद कुमार ने पुलिस को बताया कि यह कोई हादसा नहीं... बल्कि साजिश है.

आरोप लगाया गया कि महिला के पहले पति कन्हाई कुमार ने घर में आग लगाई है. बस यहीं से पुलिस ने CCTV फुटेज खंगालना शुरू किया. फुटेज में जो दिखा, उसने पूरे मामले का राज खोल दिया. पटना सिटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डॉ. गौरव कुमार के मुताबिक, CCTV में कन्हाई कुमार भी झुलसी हालत में नजर आया. जांच में सामने आया कि जिस महिला के घर में आग लगी, उसकी दूसरी शादी इसी साल अप्रैल में गोबिंद कुमार से हुई थी.पुलिस की शुरुआती जांच कहती है कि इसी शादी का बदला लेने के लिए कन्हाई कुमार ने पेट्रोल छिड़ककर घर में आग लगा दी. लेकिन बदले की आग लगाते वक्त शायद उसने सोचा नहीं था कि वो खुद भी उसी आग में फंस जाएगा.

# लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कंटेनर से भिड़ंत के बाद धू-धू कर जली बस, ड्राइवर जिंदा जला; दो दर्जन सवारियां झुलसीं

» प्रथम न्यूज । फिरोजाबाद।
21 मई ( एजेंसी )

लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार रात करीब दो बजे भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। मटसेना थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 46 किलोमीटर पर कानपुर से गुरुग्राम जा रही बस ने आगे चल रहे कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस पलट गई और उसमें तुरंत आग लग गई।



आग की लपटें और यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दुर्घटना में बस चालक शंभू की स्टियरिंग में फंसने के कारण जिंदा जलकर मौत हो गई। बस में सवार दो दर्जन यात्री झुलस गए, जिनमें एक दर्जन की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस में कुल 30 यात्री सवार थे।

घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, सीओ तेजस त्रिपाठी और सीएफओ सत्येंद्र पांडे मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एअर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा लैंडिग के वक्त रनवे से टकराया, चालक दल और यात्री सुरक्षित

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
21 मई ( ब्यूरो )




### वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही- एयरलाइन

अधिकारियों ने बताया कि टेलस्ट्राइक की घटना के बाद एअर इंडिया की फ्लाइट AI2651, जो एक नैरो-बॉडी एयरबस 321 है, उसको निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है। इस वजह से दिल्ली लौटने वाली इसकी फ्लाइट रद्द कर दी गई है।

टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि प्रभावित यात्रियों को जल्द से जल्द समायोजित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने कहा, बंगलूरू में हमारी ग्राउंड टीमें सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं। आगे कहा कि घटना की जांच स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार और नियामक अधिकारियों के समन्वय से की जाएगी।

### क्या है पूरा मामला?

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा ने असुविधा के लिए एअर इंडिया खेद व्यक्त करती है। हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।सूत्रों के अनुसार, एअर इंडिया की फ्लाइट के लैंडिंग के अंतिम चरण में पहुंचने के ठीक पहले ही एक बोइंग 747 ने उड़ान भरी थी। सूत्रों ने बताया कि 747 के इंजनों के कारण हवा में अशांति पैदा हुई और एअर इंडिया के पायलट को शायद यह एहसास हो गया कि लैंडिंग में समस्या आ सकती है, इसलिए उन्होंने मानक प्रक्रिया के अनुसार गो-अराउंड करने का फैसला किया।

## 'मेरी पत्नी बार-बार भाग जाती है, इसलिए बांध दिया...', पति की कहानी सुन पुलिस भी हैरान, Video वायरल

» प्रथम न्यूज । बिहार
21 मई ( ब्यूरो )



बिहार के मोतिहारी से एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें पति ने अपनी पत्नी को खंभे से बांधकर रखा है. मामला पति पत्नी के बीच मनमुटाव का है. पति से जब इसके पीछे की वजह पूछी तो बोला- ये बार-बार भाग जाती है.

इसलिए इसे बांध दिया. वहीं पत्नी का कहना है कि पति ना उसके हाथ का बनाया खाना खाता है और ना ही उससे बात करती है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम वहां पहुंची. महिला के पिता भी साथ थे. बाद में महिला को छुड़वाया गया.

घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, यहां रहने वाले एक पति-पत्नी का आपसी विवाद इतना तूल पकड़ लिया की पति ने अपनी पत्नी को रस्सी से बांधकर खंभे से जकड़ दिया. पचखरवा गांव का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

पीड़िता शोभा देवी के अनुसार, उसके पति उससे बात नहीं करते हैं और ना ही उनके हाथ का बना खाना खाते हैं. इसी बात को लेकर वह इसके पहले भी संबंधित थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई थी और आज जब उसके पति उसे मारने पीटने लगे तो वह नाराज होकर अपने घर से निकल पड़ी. तभी उसके पति ने उसे रस्सी से बांध दिया. वहीं दूसरी तरफ महिला के पति विजय गिरी ने कहा कि उनके और उनके पत्नी के बीच कोर्ट में मामला चल रहा है और उनकी पत्नी बार-बार घर से भाग जाती है, जिसके कारण उन्होंने उसे बांधकर रखा है. लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या कोई पति अपने पत्नी को इस तरह जानवरों की तरह बांध कर रखता है?

## Ghaziabad के पैसिफिक मॉल स्थित सिनेमा हॉल में लगी आग पर काबू पा लिया गया

» प्रथम न्यूज । गाजियाबाद
21 मई ( ब्यूरो )

गाजियाबाद गुरुवार सुबह कौशांबी के पैसिफिक मॉल में एक सिनेमा हॉल के प्रोजेक्टर रूम में लगी भीषण आग को एक घंटे के भीतर काबू कर लिया गया, और इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। चीफ फायर ऑफिसर (CFO) राहुल कुमार के अनुसार, आग प्रोजेक्टर रूम में लगी और बाद में ऑडिटोरियम के कुछ हिस्सों में फैल गई। इसके बाद, आग बुझाने के काम के लिए वैशाली से पांच फायर टेंडर और घंटा घर कोतवाली से अतिरिक्त गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। कुमार ने बताया, 21 मई, 2026 को सुबह लगभग 7:21 बजे, वैशाली फायर स्टेशन को कौशांबी स्थित पैसिफिक मॉल में आग लगने की सूचना मिली। तुरंत, वैशाली से पांच फायर टेंडर और घंटा घर कोतवाली से अतिरिक्त गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग प्रोजेक्टर रूम में लगी थी और ऑडिटोरियम के कुछ हिस्सों में फैल गई थी। सुरक्षात्मक गियर पहने दमकलकर्मियों ने मॉल के फायर-फाइटिंग सिस्टम और फायर ट्रकों का इस्तेमाल करके आग बुझाना शुरू कर दिया। कुमार ने आगे कहा, आग को लगभग एक घंटे के भीतर पूरी तरह से काबू कर लिया गया। धुआं निकालने और कूलिंग का काम चल रहा था, और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं थी। पुलिस बल मौके पर मौजूद था, और स्थिति नियंत्रण में थी। इससे



पहले बुधवार को, एक अलग घटना में, न्यू बस स्टैंड रैपिड मेट्रो स्टेशन के पास न्यू ऑटो लाइफ मोटर्स वर्कशॉप में लगी भीषण आग को कई फायर टेंडर के मौके पर पहुंचने के बाद काबू कर लिया गया।

फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, आग रैपिड मेट्रो स्टेशन, न्यू बस स्टैंड, हिंडन धर्म कांटा के पास स्थित न्यू ऑटो लाइफ मोटर्स वर्कशॉप में लगी थी। नुकसान के पैमाने और बचाव कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए, गाजियाबाद के चीफ फायर ऑफिसर (CFO) राहुल कुमार ने कहा, आज सुबह लगभग 5 बजे, हमें सूचना मिली कि मेरठ रोड पर न्यू ऑटो लाइफ मोटर्स वर्कशॉप में आग लग गई है।

तुरंत, हमारी दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग को लगभग आधे घंटे में पूरी तरह से बुझा दिया गया। इस घटना में तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। इसमें किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ।

## दिन ही नहीं रात में भी सितम: दिल्ली में मई की सबसे गर्म रात, टूटा 14 साल का रिकॉर्ड; IMD ने जारी की चेतावनी




» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
21 मई ( ब्यूरो )

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार सफदरजंग और लोधी रोड सहित कई स्टेशनों पर रात में गर्म मौसम की स्थिति रही। गर्म रात तब घोषित की जाती है जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है।

स्टेशनों के अनुसार सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5.2 डिग्री अधिक है। रिज में 30.6 डिग्री (4.4 डिग्री अधिक), पालम में 30.5 डिग्री (3.4 डिग्री अधिक), लोधी रोड में 29.6 डिग्री (4.6 डिग्री अधिक) और आयानगर में 27.4 डिग्री सेल्सियस (0.7 डिग्री अधिक) दर्ज किया गया।

शहर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है क्योंकि अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है और दिन में लू चलने का अनुमान है। वायु गुणवत्ता भी सुबह 9 बजे 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई, जिसका एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 153 रहा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार 0-50 'अच्छा', 51-100 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 401-500 'गंभीर' श्रेणी में आता है।

## गीता स्थली के रूप में कुरुक्षेत्र बनेगा देश-दुनिया के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र : डॉ. अमित अग्रवाल

### पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा केडीबी के सदस्य सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने कुरुक्षेत्र के सर्वांगीण विकास व सौंदर्यीकरण के लिए बैठक में किया विचार-विमर्श

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
21 मई ( बृज मोहन )

कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में देश-दुनिया के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए सरकार द्वारा विस्तृत कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत पिपली से ज्योतिसर तक बड़े प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है जिसे अनुमोदन हेतु जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

यह बात पर्यटन विभाग के आयुक्त एवं सचिव तथा केडीबी के सदस्य सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने आज हरियाणा निवास में आयोजित एक बैठक के दौरान कही। बैठक में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र तथा पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा आनलाईन माध्यम से जुड़े जबकि केडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया, मानद सचिव उपेंद्र सिंघल तथा पर्यटन विभाग की अतिरिक्त निदेशक ममता शर्मा सहित अन्य अधिकारी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे।

डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कुरुक्षेत्र शहर को धर्मनगरी तथा गीता स्थली के रूप में इस प्रकार से विकसित करने की योजना बनाई गई है कि यहां पर देश ही नहीं, दुनिया भर के पर्यटक पहुंचेंगे।

इसके लिए महाभारत अनुभव केंद्र व कुरुक्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों के विकास की योजना बनाई गई है। महाभारत अनुभव केंद्र की यात्रा से व्यक्ति को जीवन के सभी प्रश्नों के उत्तर आसानी से मिलते हैं।

उन्होंने कहा कि महाभारत अनुभव केंद्र के जी-ब्लॉक के शेष निर्माण कार्य को भी गौरवशाली भारत तथा सरस्वती सिंधु सभ्यता की थीम पर करवाया जाएगा। महाभारत अनुभव केंद्र के मुख्य द्वार को म्यूरल्स डिजाईनों के साथ विशेष भव्यता प्रदान की जाएगी। अनुभव केंद्र की यात्रा भारत की आत्मा की यात्रा के समान होगी, इसलिए इसे विकसित करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने महाभारत अनुभव केंद्र में सोवेनियर शॉप, फूड कोर्ट तथा फोटो शॉप आदि संचालित करने के लिए भी अधिकारियों को कहा। उन्होंने गर्मियों के मद्देनजर महाभारत अनुभव केंद्र के खुलने की समय अवधि बढ़ाने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग इसकी यात्रा कर सकें।

डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश में 50 विश्वस्तरीय 'आइकानिक साईट्स' विकसित की जानी हैं जिनमें से एक हरियाणा में होगी। इसके अंतर्गत प्रदेश की 3 साइट्स के नाम केंद्र सरकार को भिजवाए जाएंगे जिनमें कुरुक्षेत्र का नाम भी शामिल है। यदि इन योजना के तहत कुरुक्षेत्र का चयन होता है तो कुरुक्षेत्र का विकास बहुत तीव्र गति से होगा और पर्यटन के विकास के नजरिए से यह मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों से इसके लिए अभी से स्थान चिह्नित करने का कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में विकसित करने के लिए बहुत गंभीर हैं और इसके संबंध में जल्द ही एक बैठक भी करेंगे। उन्होंने कुरुक्षेत्र के सभी पर्यटन स्थलों, विशेषकर महाभारत अनुभव केंद्र के संबंध में पूरे प्रदेश में जन-जागरूकता हेतु विशेष प्रचार कार्य करवाने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग कुरुक्षेत्र के पर्यटक स्थलों की सैर के लिए पहुंचें।

इसके लिए उन्होंने कुरुक्षेत्र में नियमित रूप से आमजन की सहभागिता वाली विविध गतिविधियां करवाने को भी कहा। उन्होंने कुरुक्षेत्र के प्रत्येक चैक-चैराहे, सडकों तथा नवनिर्मित एलिवेटिड रेलवे ट्रैक के नीचे के स्थानों के सौंदर्यीकरण के संबंध में भी अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए।

# हज चेतावनी के बाद ट्रंप ने ईरान पर हमला टाल दिया

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
21 मई ( एजेंसी )

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर होने वाले एक नियोजित सैन्य हमले को टाल दिया। ऐसा उन्होंने तब किया जब खाड़ी देशों के उनके सहयोगियों ने चेतावनी दी कि हज यात्रा के दौरान तनाव बढ़ने से पूरे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो सकती है। मिडिल ईस्ट आई (MEE) और CNN की रिपोर्टों में कहा गया है कि खाड़ी देशों के नेताओं ने वॉशिंगटन से आग्रह किया कि वे इस्लाम के सबसे पवित्र समयों में से एक के दौरान सैन्य कार्रवाई से बचें और इसके बजाय तेहरान के साथ कूटनीतिक प्रयासों को जारी रहने दें।

यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में संकेत दिया था कि अमेरिका ईरान के खिलाफ नई सैन्य कार्रवाई शुरू करने के बेहद करीब था। मंगलवार, 19 मई को बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी युद्धपोत पूरी तरह से तैयार हैं।

ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और UAE के नेताओं ने उनसे सैन्य कार्रवाई टालने का अनुरोध किया था, और इस बात पर भरोसा जताया था कि कूटनीति अभी भी सफल हो सकती है।

खाड़ी देशों ने हज पर पड़ने वाले बुरे असर की चेतावनी दी MEE ने बताया कि खाड़ी देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने ट्रंप प्रशासन से कहा कि हज के दौरान ईरान पर हमले इस क्षेत्र के देशों के लिए गंभीर लॉजिस्टिक और सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा कर सकते हैं। खबरों के मुताबिक, अधिकारियों को इस बात का डर था




कि इससे क्षेत्रीय हवाई यात्रा में बाधा आ सकती है और वार्षिक तीर्थयात्रा के लिए सऊदी अरब में पहले से ही पहुंच रहे तीर्थयात्रियों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खाड़ी देशों की सरकारों ने चेतावनी दी कि ईद-उल-अज़्हा से पहले की गई सैन्य कार्रवाई से मुस्लिम जगत में वॉशिंगटन की छवि को और भी अधिक नुकसान पहुंच सकता है। इन चर्चाओं से परिचित एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि ट्रंप प्रशासन और खाड़ी देशों के सहयोगियों के बीच बातचीत हुई थी। क्षेत्रीय देशों का एकजुट दबाव CNN ने बताया कि खाड़ी देशों ने अमेरिकी प्रशासन पर तनाव न बढ़ाने का दबाव डालते हुए एक एकजुट मोर्चा पेश किया।

रिपोर्ट के अनुसार, खाड़ी देशों के नेताओं ने चेतावनी दी कि कोई भी नया हमला पड़ोसी देशों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई को भड़का सकता है, जैसा कि फरवरी में अमेरिका-इजरायल के हमलों के बाद पहले भी देखा गया था। CNN ने यह भी बताया कि क्षेत्रीय नेताओं ने हज के समय की संवेदनशीलता को उजागर किया, क्योंकि सोमवार, 25 मई को तीर्थयात्रा शुरू होने से पहले तीर्थयात्रियों का सऊदी अरब में आना लगातार जारी है।